शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 99 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 05 मई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## केंद्र ने प्याज के निर्यात से प्रतिबंध हटाया

**नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के बीच किसानों के लिए खुशखबरी है। केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर लागू प्रतिबंध हटा दिया है। इसके साथ ही सरकार ने प्याज के निर्यात का न्यूनतम समर्थन मूल्य 550 डॉलर प्रति टन तय किया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने शनिवार को जारी अधिसूचना में कहा कि प्याज के निर्यात पर लागू प्रतिबंध को हटाया जा रहा है। अधिसूचना के मुताबिक प्याज के निर्यात नीति को प्रतिबंधित से बदल कर मुक्त विषय में लाया जा रहा है। इसका न्यूनतम निर्यात मूल्य तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक 550 डॉलर प्रति टन होगा। इससे पहले देर रात केंद्र सरकार ने घरेलू बाजार में प्याज की कीमतों पर नियंत्रण के लिए इसके निर्यात पर 40 फीसदी शुल्क लगाने की घोषणा की थी। दरअसल, सरकार ने पिछले साल अगस्त में प्याज के निर्यात पर आंशिक तौर पर रोक लगाते हुए 31 दिसंबर, 2023 तक इसके निर्यात पर 40 फीसदी का शुल्क लगाया था। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने करीब छह महीने बाद प्याज के निर्यात पर लागू प्रतिबंध को हटाया है। सरकार का यह कदम महाराष्ट्र के व्यापारियों के लिए एक बड़ी राहत है क्योंकि यहां प्याज की फसल का एक बड़ा हिस्सा होता है।

## अरविंदर सिंह लवली समेत कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली**

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली समेत कांग्रेस पार्टी के कई दिग्गज नेता शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। शनिवार को भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री सरदार हरदीप सिंह पुरी, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की मौजूदगी में अरविंदर सिंह लवली ने पूर्व मंत्री राज कुमार चौहान, पूर्व विधायक नसीब सिंह और नीरज बसोया, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित मलिक के साथ भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा में शामिल होने के बाद अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि पार्टी के बैनर तले और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली की जनता के लिए लड़ने का मौका दिया गया है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि देश में प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बन रही है।

# 'सभी को अनाज योजना का मासिक लाभ मिल रहा'

## कांग्रेस नेहरू की भावना के खिलाफ जा रही है और बाबा साहेब आंबेडकर की पीठ पर छुरा घोंप रही: पीएम

**मधुबनी**

**दरभंगा राज मैदान** में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महती सभान को संबोधित किया। भव्य स्वागत कार्यक्रम के बीच चहुंओर मोदी- मोदी आवाज गुंजायमान दिखा- सुना। सभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मैथिली भाषा में कहा कि " राजा जनक माता जानकी कवि विद्यापति केर एहि ऐतिहासिक भूमि कें हम नमन करैत छी"। प्रधानमंत्री मोदी ने महाराजा कामेश्वर सिंह को प्रणाम अभिवादन के साथ भाषण की शुरूआत किया। कहा कि दस वर्ष पूर्व विश्व में भारत देश की अर्थ व्यवस्था ग्यारहवें नम्बर पर था। वर्तमान में देश आर्थिक रूप से समृद्ध बनकर पांचवा स्थान पर है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस चुनाव में पांच वर्ष आगे की विकासोन्मुख पथ की सुदृढ रोड मैप तैयार कर लिया है। विकसित भारत की विजन आगे पच्चीस वर्षों का है। बिहार के सपूत कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न सम्मान दिया गया। बिहार देश की राजनीतिक डेग बनकर शुरू से रहा। परन्तु लूट हत्या अपहरण उद्योग के कर्ताधर्ताओं ने बिहार को पीछे धकेलने का काम किया। मोदी-मोदी की निरंतर गुंजती आवाज के बीच बताया कि बिहार में नीतीश बाबू के साथ चल रही एनडीए सरकार सही दिशा- दशा में है। मोदी ने कहा कि जनता मालिक है। सब जानती है। मोदी ने कहा कि बिहार में केन्द्र सरकार द्वारा चालीस लाख लोगों को पक्का घर दिया गया। सवा करोड़ लोगों को गैस कनेक्शन मिला। सभी को अनाज योजना का मासिक लाभ मिल रहा है। कोविद के महासंक्रमण काल में केन्द्र सरकार प्रत्येक लोगों की सुधि




### "ये एससी, एसटी और ओबीसी का हक छिनकर मुस्लिमों को देना चाहते हैं। धर्म के आधार पर आरक्षण कटेगा तो यादव और कुर्मी जैसे समाज का हक भी बंटेगा"

## विपक्ष देश को फिर से बांट सकता है: पीएम मोदी

**बीते** 10 साल में हम पांचवें नंबर पर पहुंच गए। कोरोना काल में 100 साल के बाद बड़ा संकट आया था। दुनिया सोचती थी भारत बर्बाद हो जाएगा लेकिन उस समय हमने अपना सामर्थ्य दिखाया और देश उस संकट से बाहर निकला।



प्रधानमंत्री ने कहा कि लंबी चर्चा के बाद हमारा संविधान बना। बाबा साहेब आंबेडकर और राजेंद्र प्रसाद जैसे बड़े-बड़े विद्वानों ने धर्म के आधार पर आरक्षण पर लंबी चर्चा की। 77 साल पहले उन्होंने तय किया कि हमारे देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दे सकते हैं। देश को फिर से नहीं बांट सकते हैं। बाबा साहेब ने इसके खिलाफ खुलेआम वकालत की। पंडित नेहरू ने भी धर्म के आधार पर आरक्षण का विरोध किया था। अब हमारे गरीब एससी, एसटी और ओबीसी का कांग्रेस से मोह भंग हो गया है। कांग्रेस नेहरू की भावना के खिलाफ जा रही है और बाबा साहेब आंबेडकर की पीठ पर छुरा घोंप रही है। इस साजिश में आरजेडी भी कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। प्रधानमंत्री ने भाषण में कहा कि दरभंगा में विकास की धारा बह रही है। यहां एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, अमृत भारत ट्रेन और आधुनिक सड़कें यानी हर तरफ काम हो रहा है। दरभंगा एम्स की अड़चनों को भी दूर किया जा रहा है। दरभंगा में आईटी पार्क भी बना, जिसे युवाओं के लिए नए अवसर पैदा होंगे। मिथिला में मखाना, लीची और आम खूब होता है। अच्छी सड़कों और इंफ्रास्ट्रक्चर से इनका एक्सपोर्ट दुनियाभर में बढ़ेगा। इससे पहले मोदी ने भारत माता की जय और जय श्रीराम के नारे से भाषण की शुरूआत की। साथ ही राम मंदिर बनने की बधाई दी।

## लालू यादव ने रेल मंत्री रहते हुए मुस्लिमों को आरक्षण से निकालकर कोटा देने की मांग की थी: पीएम



**दरभंगा**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार के शहजादे (तेजस्वी यादव) के पिता (लालू यादव) ने रेल मंत्री रहते हुए मुस्लिमों को आरक्षण से निकालकर रेलवे में उन्हें कोटा देने की मांग की थी। ये एससी, एसटी और ओबीसी का हक छिनकर मुस्लिमों को देना चाहते हैं। धर्म के आधार पर आरक्षण कटेगा तो यादव और कुर्मी जैसे समाज का हक भी बंटेगा। पासवान, मुसहर और रविदास समाज के हक पर ये डाका डालने की फिराक में हैं। प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को बिहार के दरभंगा स्थित राज मैदान में भाजपा उम्मीदवार गोपाल जी ठाकुर के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जिस तरह एक शहजादे (राहुल गांधी) हैं, उसी तरह पटना में भी एक शहजादे (तेजस्वी यादव) हैं। एक शहजादा पूरे देश को तो दूसरा पूरे बिहार को अपनी जागीर समझता है।

कोरोना काल में बिहार के लोगों के साथ इंडी गठबंधन वालों ने गलत किया था। महाराष्ट्र समेत जिन राज्यों में इंडी गठबंधन की सरकार थी, वहां से बिहार के लोगों को भगा दिया गया। बिहार के लोगों को बसों में बैठाकर बीच रास्ते में छोड़ दिया गया।

## निरंकुश प्रौद्योगिकी के कारण साइबर अपराध की जद में मासूम: चंद्रचूड़

**काठमांडू**

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ तीन दिवसीय नेपाल की यात्रा पर हैं। नेपाली मुख्य न्यायाधीश बिश्वोम्भर प्रसाद श्रेष्ठ ने उन्हें आमंत्रित किया है। नेपाल में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकियों का तेजी से विकास हो रहा है। इससे नाबालिगों से जुड़े अंतरराष्ट्रीय डिजिटल अपराधों में भी तेजी आ रही है। इससे निपटने के लिए किशोर न्याय प्रणालियों को अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाना होगा।

**किशोर न्याय की प्रकृति और समाज के आयामों के संबंधों को समझना महत्वपूर्णः** मुख्य न्यायाधीश ने कहा, किशोर न्याय पर चर्चा करते वक्त हमें कानूनी विवादों में फंसे बच्चों की कमजोरियों और जरूरतों को समझना होगा। किशोर न्याय की प्रकृति और समाज के आयामों के संबंधों को समझना महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा, प्रौद्योगिकी का तेजी से विकास हो रहा है। किशोर हैकिंग, साइबरबुलिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी और डिजिटल उत्पीड़न सहित अन्य साइबर अपराधों में शामिल हो रहे हैं।



डिजिटल प्लेटफॉर्म की सुरक्षा और आसान प्रवेश प्रकृति के कारण युवा अवैध गतिविधियों की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

## कांग्रेस एक नंबर की आदिवासी विरोधी पार्टी: अमित शाह

**छोटाउदेपुर**

केन्द्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने शनिवार को छोटाउदेपुर जिले के बोडेली में आयोजित चुनावी सभा में आरक्षण और संविधान को लेकर कांग्रेस की ओर से किए जा रहे दावों को झूठा करार देते हुए कहा कि केन्द्र में जब तक भाजपा सरकार है, आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक नंबर की आदिवासी विरोधी पार्टी है। केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने आदिवासी विकास के लिए केन्द्र सरकार की ओर से किए गए कार्यों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 10 वर्षों के अंदर करोड़ों गरीब लोगों के जीवन में प्रकाश फैलाया है। बाबा साहब अंबेडकर ने संविधान में लिखा था कि आदिवासियों की जितनी आबादी है, उन्हें बजट में उसी के अनुपात में हिस्सेदारी देना चाहिए।



भारत का संविधान लागू होने के बाद सबसे पहले नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के बजट का 14 फीसदी आदिवासी जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक नंबर की आदिवासी विरोधी पार्टी है। इनके जमाने में आदिवासी मंत्रालय भी नहीं था। अटल बिहारी की सरकार ने पहली बार 1999 में अलग आदिवासी विभाग का मंत्रालय बनाया। कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति पर प्रहार करते हुए अमित शाह ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनी तो उन्होंने 5 फीसदी आरक्षण मुसलमानों को दे दिया। इसका अर्थ हुआ कि ओबीसी समाज का 5 फीसदी आरक्षण छीन लिया गया।

उन्होंने कहा कि यह उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली बात है कि आरक्षण तो कांग्रेस छीन रही है और नाम भाजपा का दे रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की बात का उल्लेख करते हुए शाह ने कहा कि वे कहते हैं कि गुजरात और राजस्थान की जनता को कश्मीर से क्या लेना-देना है। शाह ने कहा कि गुजरात का एक-एक व्यक्ति कश्मीर के लिए जान देने को तैयार है।

## रोहित वेमुला: तेलंगाना पुलिस जांच जारी रखेगी



**हैदराबा**

हैदराबाद विश्वविद्यालय के छात्र रहे रोहित वेमुला का मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया। वेमुला के परिवार ने अपने बेटे को न्याय दिलाने के लिए एक बार फिर आवाज उठाई है। वहीं, तेलंगाना पुलिस ने भी जांच जारी रखने की बात कही है। तेलंगाना पुलिस के डीजीपी रवि गुप्ता ने कहा कि मृतक की मां और उनके भाई को कुछ लोगों पर संदेह है। इसलिए मामले की जांच को आगे जारी रखने का फैसला लिया गया है।

डीजीपी ने आगे कहा कि अदालत में एक याचिका दायर कर मजिस्ट्रेट से मामले की आगे की जांच की अनुमति देने का अनुरोध किया जाएगा। डीजीपी ने यह भी कहा है कि मामले में अंतिम क्लोजर रिपोर्ट नवंबर 2023 से पहले की गई जांच के आधार पर तैयार की गई थी और जांच अधिकारी द्वारा आधिकारिक तौर पर 21 मार्च, 2024 को न्यायिक अदालत में दायर की गई थी।

**सीएम से वेमुला की मां ने की मुलाकात**

रोहित वेमुला की मां राधिका वेमुला ने कहा कि साल 2018 में हुई घटनाओं के आधार पर क्लोजर रिपोर्ट दी गई है। उसके बाद कोई जांच नहीं की गई है। उन्होंने आगे कहा, 'आज हम तेलंगाना के मुख्यमंत्री से मिले क्योंकि अब रिपोर्ट दी गई है। सीएम ने आश्वासन दिया है कि दोबारा निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। हमने रोहित के साथ निर्लंबित किए गए अन्य छात्रों के मामले के बारे में भी बात की है। उन छात्रों को केस के चलते नौकरी नहीं मिल पा रही है और पीएचडी किए छात्र खेती का काम कर रहे हैं। सीएम ने इस मामले को भी देखने का आश्वासन दिया। रोहित के भाई वेमुला राजा ने कहा, 'क्लोजर रिपोर्ट दाखिल होने के बाद तेलंगाना के डीजीपी ने बयान दिया है कि वे मामले की फिर से जांच करने जा रहे हैं। और वे उच्च न्यायालय में याचिका दायर करेंगे। हमने मुख्यमंत्री से बात की है। उन्होंने रोहित वेमुला को न्याय दिलाने के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी जांच का वादा किया है।



# मचा हाहाकार : कब तक टैंकर का पानी पीते रहेंगे शंकरगढ़वासी



### 200 फीट से नीचे पर पानी,100 फीट की मोटर

विभागीय जिम्मेदार कहते हैं कि शंकरगढ़ जलनिगम के सभी बोर (नलकूप) का जलस्तर नीचे चला गया है। 15-20 वर्ष पहले बोर किया गया था और मोटर कम क्षमता की गहराई वाली लगाई गई थी, जबकि आज पानी का स्तर 250 फीट नीचे है। इस वजह से वाटर सप्लाई बंद हो जाती है। दूसरी तरफ नारीबारी गौरा से आने वाला पानी भी कई दिनों से नहीं आ पा रहा है। पहले बसहरा गांव के सामने ट्रक की चपेट में आकर पाइप टूट गई थी। किसी तरह शुक्रवार को बनी तो कल्याणपुर गांव के पास किसी ने ज्वाइंट को तोड़ दिया। ऐसे में एक मात्र सहारा नारीबारी से आने वाला पानी भी रानीगंज, शंकरगढ़ जो नहीं आ पा रहा है।दूसरी तरफ जीजीआईसी में जलापूर्ति ठप होने की सूचना प्रिंसिपल ने एसडीएम से की।उन्होंने बताया कि नामभर का टैंकर आता है, उसमें भी घालमेल किया जाता है।

### पानी की समस्या पर ईओ के दफ्तर पर घंटों मंथन

शनिवार को नगर पंचायत कार्यालय शंकरगढ़ में एसडीएम बारा दिग्विजय सिंह,एसीपी बारा संतलाल सरोज,जल निगम के एसडीओ व नगर पंचायत के ईओ नवनीत कुमार व व्यापारियों संग नगर में पानी की समस्या को लेकर घंटों मंथन हुआ। जिस पर उपजिलाधिकारी बारा ने जल निगम के एसडीओ को 24 घंटे की मोहलत दी और कहा कि यदि तय समय में जलापूर्ति नहीं की गई तो मामले की शिकायत निर्वाचन आयोग से की जाएगी। वही नगर पंचायत के ईओ नवनीत कुमार ने बताया कि नगर में 6 टैंकर की व्यवस्था कर दी गई है और नियमित सप्लाई करने का आदेश भी दे दिया गया है।

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** शहर से लगभग 50 किमी के फासले पर स्थित शंकरगढ़ कस्बा प्रत्येक वर्ष गर्मियों में पेयजल के लिए तरस जाता है। इस बार गर्मी थोड़ा पहले आई तो पेयजल संकट भी पहले गहरा गया। जल स्तर नीचे खिसक गया है। नतीजा लोगों के घरों में पानी कम, मिट्टी ज्यादा निकल रही है। शंकरगढ़ कस्बे के बीचोबीच स्थित जीजीआईसी में भी पानी नहीं आ रहा है। शंकरगढ़ का यह जलसंकट आज का कोई नया संकट नहीं है। दशकों से यहां पेयजल की किल्लत होती आई है। पर, इसके लिए आज तक कोई भी सरकार स्थाई समाधान नहीं खोज पाई। हालांकि यह कहना ज्यादा वाजिब होगा कि यहां के सरकारी सिस्टम ने स्थाई समाधान की तरफ रुख ही नहीं किया और अगर किया तो जिस लेवल की व्यवस्था होनी चाहिए, उसमें भी घालमेल कर कागजों पर कोरम पूरा कर दिया गया। दर्जनभर वार्डों वाले इस कस्बे की एक बड़ी आबादी आज पेयजल के लिए मारीमारी फिर रही है। कोई पड़ोसियों के रहमोकरम पर आश्रित है तो कोई परिवार सुबह से ही टैंकर की आस में घर की ड्योढ़ी पर खड़ा हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि एक साल में एक वार्ड पर कायदे से ध्यान देकर जलापूर्ति का स्थाई और ठोस समाधान खोजा गया होता तो यह समस्या कब की दूर हो गई होती। वैसे भी यहां की 80 फीसद आबादी ने खुद का सेटअप लगा रखा है, बाकी की 20 फीसद जनता ही जलनिगम, नगर पंचायत पर निर्भर है। अब तक अरबों रुपये खर्च कर चुके यह दोनों विभाग कुल आबादी के एक चवन्नी हिस्से को पीने का शुद्ध पानी नहीं दे पाए। अभी हाल ही में एक स्थान की पंप खराब हो गई थी, जहां पर जिस क्षमता की मोटर लगाई जानी चाहिए थी, उससे आधी से भी कम क्षमता की मोटर लगाई गई, तो पेयजल संकट का असली कारण यही है कि जिस लेवल पर बोर होना चाहिए, वह नहीं किया जाता और जिस क्षमता की मोटर लगाई जानी चाहिए, वह भी नहीं लगाई जाती।





# मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में चला बुलडोजर हटाए गए अतिक्रमण

**मऊआइमा।** मऊआइमा के स्टैंडर्ड इंटर कालेज से लेकर तीन बत्ती तक हुए अतिक्रमण को एक सप्ताह में अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था।एस डी एम के चेतावनी पर शुक्रवार को दोपहर में जीसीबी लगा कर अतिक्रमण हटाने का काम शुरू किया गया।बताया गया है कि अधिकांश लोग अपने हाथों से

**एस डी एम के द्वारा कराए गए चिन्हित के बाद एक सप्ताह के अन्दर हुआ अमल**

अतिक्रमण हटाने में लगे हुए हैं। बताया गया है कि अतिक्रमण हटाने का काम स्वयं भू स्वामी अपने हाथों से कर रहे हैं। शुक्रवार को लग भग पचीस मकान चबूतरे आदि को ध्वस्त किया गया। शेष को चेतावनी इस लिए दी गई कि वह स्वयं अपने हाथों से अतिक्रमण हटा रहे हैं। शुक्रवार को अतिक्रमण हटाने में नायब तहसीलदार एन शुक्ला, पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता दीपक कुमार,कानून गो फचारे लाल कनौजिया, लेखपाल राजकुमार सागर सहित राजस्व विभाग की टीम मौजूद थी।

# नैनी में पार्षदों की एक बैठक सांसद प्रत्याशी के लिए संपन्न हुई

**अखंड भारत संदेश**

**वार्ड नंबर 20 चक रघुनाथ के पार्षद राकेश जयसवाल द्वारा सभी पार्षदों के साथ बैठक संपन्न हुई**



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की बैठक जमुना पार के सभी पार्षदों के साथ नैनी डाकखाने के पास होटल आकाश में संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिलीप केसरवानी ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष महानगर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा नरसिंह थे। कार्यक्रम में वार्ड नंबर 20 चक रघुनाथ नैनी के पार्षद एवं व्यापार मंडल के अध्यक्ष राकेश जयसवाल ने प्रयागराज के भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में एक विशाल बाइक रैली निकालने का निर्णय लिया गया। वरिष्ठ पार्षद प्रदीप मेहरा पार्षद मंजू सिंह पार्षद डॉ रमेश कुमार जहांगीराबाद से पार्षद रणविजय सिंह डब्बू नैनी दादरी के पार्षद सोनू यादव पवन बसवार के पार्षद संजय पार्षद अनूप भारतीय सभी लोगों ने अपने विचार रखें और इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष धर्मराज पटेल व काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीसी कैमरे की मदद से चोरों की हुई शिनाख्त पुलिस ने दबोचा अन्य की तलाश जारी

**मऊआइमा।** मऊआइमा कस्बा में आए दिन चोरी की घटनाओं से परेशान लोगों ने सीसी कैमरे की सहायता से दो मोबाइल चोरी किए हुए एक चोर की शिनाख्त कर पुलिस को तहरीर दी है ?। पुलिस ने एक को दबोचकर पूछ ताछ कर अन्य साथियों की तलाश में जुटी हुई है। मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र के मोहल्ला कोट निवासी मोहम्मद तारिक पुत्र मोहम्मद सादिक के घर में रात के समय दो मोबाइल चोरी हो गया था। बताया गया है कि बगल के मोहम्मद सालिम के घर में लगे सीसी कैमरे की सहायता से चोर की शिनाख्त हुई। तारिक ने चोरी की घटना के बाबत लिखित तहरीर थाने में दी है। पुलिस ने एक शातिर चोर को दबोचकर अन्य स्थानों पर हुई चोरी की बाबत पूछ ताछ कर रही है और पुलिस चोरों के गिरोह का भी पता लगाने में जुटी हुई है।

# फूलपुर से गढबंधन के उम्मीदवार अमरनाथ मौर्य ने भरा पर्चा

**अखंड भारत संदेश**

**दो सेट मे किया नामांकन, विधायक गीता शास्त्री एवं संदीप यादव बने प्रस्तावक**



**प्रयागराज।** फूलपुर लोकसभा क्षेत्र से इण्डिया गठबंधन के उम्मीदवार अमरनाथ सिंह मौर्य ने आज जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन किया। अमरनाथ मौर्य ने दो सेट मे नामांकन पत्र दाखिल किया। विधायक श्रीमती गीता शास्त्री एवं सपा नेता संदीप यादव प्रस्तावक बनेअमरनाथ मौर्य दोपहर 12बजे के बाद अपने आवास प्रीतमनगर से निकलने के बाद सीधे हाईकोर्ट स्थित डॉ भीम राव अम्बेडकर जी एवं पी डी पार्क स्थित डॉ राम मनोहर लोहिया जी की मूर्ति माल्यार्पण करने के बाद समाजवादी पार्टी कार्यालय जार्ज टाउन आये इसके बाद कलेक्ट्रेट पहुंचे जहाँ उन्होंने नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के बाद सपा कार्यालय मे कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अमरनाथ सिंह मौर्य ने कहा कि देश मे इण्डिया गठबंधन की सरकार बनने के बाद सत्ता एवं शासन मे पी डी ए की भागीदारी, पुरानी पेंशन लागू करने, किसानों को एम एस पी दर लागू करने, बेरोजगारों को रोजगार देने, अग्निवीर को खत्म कर नियमित भर्ती करने जैसी जन हित की तमाम योजनाए लागू की जाएगी। नामांकन मे आये समाजवादी पार्टी,घटक दलों कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, काम्युनिस्ट पार्टी, तृण मूल कांग्रेस के नेताओं, कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए चुनाव जिताने की अपील किया। इस मौके पर सर्व श्री अनिल यादव, सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, डॉ मान सिंह यादव, गीता शास्त्री,अंसार अहमद, मुजतबा सिद्दीकी, संदीप यादव, सत्यवीर मुन्ना, बासुदेव यादव,सुरेश यादव, मो कादिर, राजू पासी,प्रदीप अंशुमन, शांति स्वरूप पटेल, दूधनाथ पटेल, दान बहादुर मधुर, रविन्द्र यादव, डॉ राजेश यादव, वजीर खां,शकील अहमद, बच्चा यादव, अमर सिंह,राम मिलन, प्रतिमा रावत,सुमन शर्मा, पद्मा यादव, अभिमन्यु पटेल, ओ पी यादव, नाटे चौधरी, डॉ प्रेम चंद्र मौर्य,बेला सिंह, भोला यादव, कुलदीप यादव, आर एन यादव, सचिन श्रीवास्तव, मेराज आरिफ, राम प्रताप यादव,आसुतोष तिवारी, नवीन यादव, मुलायम यादव, दीपू कुशवाह आदि मौजूद रहे।



## राष्ट्रीय आय एवम् योग्यता आधारित परीक्षा में कंपोजिट विद्यालय मधेशा कौड़िहार -1 के बच्चों ने लहराया परचम

**सोरांव।** तहसील सोरांव क्षेत्र में स्थित कंपोजिट विद्यालय मधेशा से राष्ट्रीय आय एवम योग्यता आधारित छात्रवृति परीक्षा में लगातार कई वर्षों से बच्चों का चयन होता अ रहा है। इस वर्ष में भी आठ विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। स्कूल परिवार ने सभी सफल बच्चो को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार निषाद ने बताया है कि 140 अंकों के साथ छात्र अनमोल पटेल ने जनपद में 6 वीं रैंक हासिल की है। इसी प्रकार निशांत कुमार मौर्या, अनिकेत पटेल, सौरभ पटेल, गर्वित मौर्या, आदित्य पटेल, रिमझिम विश्वकर्मा एवम् रंजीत ने इस परीक्षा में 7 वीं रैंक से 49 वीं रैंक तक हासिल की है। खंड शिक्षा अधिकारी क्षमा शंकर पांडेय एवम् जय सिंह, प्रभा शंकर शर्मा,विष्णु मिश्र,अजमल अमीन अंसारी,अवनीश सिंह, कमल कुमार पाल,सुमन देवी आदि का मार्गदर्शन बच्चों को लगातार प्राप्त होता रहा है। सभी ने बच्चों को हार्दिक बधाई दी तथा सभी के उज्वल भविष्य की कामना की।

## कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई, चालक की मौत

**मांडा।** शादी के बाद कार से दिल्ली जाते वक्त एक व्यक्ति की सड़क दुघर्टना में मौत हो गई। वह अपने मामा के बेटे बहू सहित परिवार को पहुंचाने के लिए कार से दिल्ली जा रहे थे। जैसे ही वह दिल्ली पहुंचने को थे कि देर रात कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। घटना में चालक की मौत हो गई। मांडा थाना क्षेत्र के मड़ार गांव निवासी परमात्माराम यादव का बेटा विजय यादव दिल्ली में रहता है। बीते 26 अप्रैल को विजय की शादी थी तो विजय गांव आया था। शादी समारोह संपन्न होने के बाद विजय अपनी 22 वर्षीय पत्नी पूनम यादव, बड़ी बहन 28 वर्षीय निशा यादव व आठ वर्षीय भतीजा छोटू के साथ दिल्ली जाने को तैयार हुआ। दिल्ली तक कार चलाकर छोड़ने के लिए अपनी बुआ के बेटे देवीशंकर यादव निवासी डाही, मेजारोड को बुला लिया और कार से दिल्ली छोड़ने के लिए कहा, तो देवीशंकर चलने के लिए तैयार हो गए। बुधवार को सभी लोग करीब तीन बजे घर से निकले थे। बताया जा रहा है कि कानपुर में कार पहुंची, तो खराब हो गई थी और उसे ठीक कराकर आगे के लिए सभी लोग चल दिए। कार गुरुवार की रात कार जैसे ही दिल्ली गंतव्य के करीब पहुंची कि कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसा इतना गंभीर था कि कार चालक 48 वर्षीय देवीशंकर यादव निवासी डाही मेजारोड की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि विजय, पूनम, निशा व छोटू गंभीर रूप से घायल हो गए। विजय की हालत ज्यादा गंभीर बताई जा रही है।

# श्रीमद् भागवत शनिवार को जगत गुरु रामानंदाचार्य ने सुनाई माखन चोरी चीरहरण गोवर्धन धारण महाराज व कांसोद्ध की कथा

**मेजा।** क्षेत्र के कुशलपुर ऊँचडीह गांव निवासी पंडित ब्रह्मदीन त्रिपाठी के आवास पर मंगलवार से सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन की कथा में मुख्य कथा वाचक अंतराष्ट्रीय कथा व्यास जगत गुरु रामानंदाचार्य श्री श्री 1008 स्वामी श्री श्री बल्लभाचार्य महाराज ने शनिवार को माखन चोरी चीरहरण एवं गोवर्धन धारण महाराज व कांसोद्धर की कथा सुनाई गई। इस दौरान जहां सुंदर मनोहारी व आकर्षक झांकियां निकाली गई वहीं प्रभु की लीला में भावविभोर श्रोता गण झूमते नाचते असीम भक्ति में डूबे रहे। कथा के मुख्य यजमान पंडित ब्रह्मदीन त्रिपाठी पत्नी श्रीमती अनारकली और ब्रह्म नारायण त्रिपाठी पत्नी श्रीमती हीरावती रही। मुख्य श्रोता के रूप में पंडित हरिकृष्ण त्रिपाठी पत्नी श्रीमती



मंजू त्रिपाठी उत्तम पांडेय राहुल शुक्ला दिनेश तिवारी तथा विनय शुक्ला रहे। उल्लेखनीय है कि त्रिपाठी बंधु परिवार के श्री राम कृष्ण त्रिपाठी ने बताया कि उक्त कथा बुधवार को शुरू हुई जिसका समापन देर शाम तक हुआ। अगले दिन की कथा 5 मई रविवार को विद्या अध्ययन उद्धव गोपी संवाद द्वारिका निमार्ण एवं रुकमणी मंगल पर आधारित होगी। उन्होंने यह भी बताया कि कथा प्रति दिन भागवत मूल पारायण सुबह 7 बजे से 11 बजे तक और शांम 4 बजे से 7 बजे रात तक होगी । श्री त्रिपाठी ने क्षेत्र के लोगों से अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में कथा में पधार कर कथा को श्रवण करें और अपने जीवन को धन्य बनाएं।

## न्यूज झरोखा

### मतदाता जागरूकता व स्कूल चलो अभियान की निकाली रैली



**मांडा।** कंपोजिट विद्यालय चिलबिला, मांडा के छात्र छात्राओं , अध्यापकों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली तथा स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत रैली निकाली गई। रैली में छात्रों, अध्यापकों के अलावा तमाम अभिभावकों ने भी हिस्सा लिया। शनिवार को कंपोजिट विद्यालय चिलबिला में प्रधानाध्यापक एव प्राथमिक शिक्षक संघ मंत्री, मांडा ब्लॉक राजेश सिंह यादव ने अध्यापकों के सहयोग से मतदाता जागरूकता एवं स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाली। रैली में आकर्षक नारों के साथ छात्र, छात्राओं और अध्यापकों ने पूरे चिलबिला बाजार व प्रयागराज मिर्जापुर राजमार्ग पर लोगों को जागरूक किया।

### फर्जी दस्तावेज से धोखाधड़ी करने वाले दो वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार भेजा गया न्यायालय



**मांडा।** विगत दिनों में अभियुक्त द्वारा फर्जी दस्तावेज से धोखाधड़ी करने व धमकी देने पर विभिन्न धाराओं में भुक्तभोगी के तहरीर पर मुकदमा दर्ज मांडा थाने में कराया गया था उक्त मुकदमे में हाई कोर्ट द्वारा एनबीडब्लू की नोटिस जारी होने पर वांछित अभियुक्तों को खवासकातारा चौराहा से मांडा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। शनिवार को मांडा थाना क्षेत्र अंतर्गत डंडपानपुर (सिकरा) गांव निवासी राम बहादुर मौर्य व श्याम बहादुर मौर्य पुत्रगण रामाज्ञा मौर्य को खवासकातारा चौराहा से मांडा उप निरीक्षक शैतान सिंह, अरूण कुमार शुक्ल, शाहनवाज आलम, कपिल द्विवेदी ने पकड़ लिया । और उसे गिरफ्तार कर मांडा थाने लाकर विधिक कार्यवाही कर न्यायालय भेज दिया।

### माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ने संसदीय क्षेत्रों का प्रभारी नियुक्त किया

**करछना।** प्रयागराज उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक वित्तविहीन गुट के प्रदेश अध्यक्ष/सपा के शिक्षक विधायक मा. लाल बिहारी यादव के निर्देश पर प्रयागराज इकाई के जिलाध्यक्ष ननकेस बाबू ने 52 इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र के करछना विधानसभा से शिव मोहन पटेल ब्लॉक अध्यक्ष कौंधियारा, मेजा से प्रेमचंद यादव जिला उपाध्यक्ष, बारा से अरविंद यादव विधानसभा अध्यक्ष, कोरांव से ज्ञानेंद्र कुशवाहा तथा शहर दक्षिणी से सोनू यादव को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। जिलाध्यक्ष ननकेस बाबू ने निर्देशित किया है की संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कुंवर उज्जवल रमण सिंह के केंद्रीय चुनाव कार्यालय गऊघाट में अपना प्रभार ग्रहण कर आने वाले चुनाव में योगदान दें। साथ ही साथ 51 फूलपुर संसदीय क्षेत्र के सोरांव से शिव मूरत पटेल, फूलपुर से रमेश यादव, फाफामऊ से भुवाई लाल यादव, शहर उत्तरी से वीरेंद्र कुशवाहा तथा शहर पश्चिमी से गुलाब प्रजापति को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। सभी से अपील है कि फूलपुर लोकसभा के प्रत्याशी अमरनाथ मौर्य को केंद्रीय चुनाव कार्यालय जॉर्ज टाउन स्थित सपा कार्यालय में योगदान देकर अपना प्रभार ग्रहण करें। प्रयागराज जनपद के अंतर्गत 78 भदोही लोकसभा में स्थित विधान सभा प्रतापपुर के लिए फूलचंद्र कन्नौजिया एवं हंडिया विधानसभा से सीताशरण सिंह को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है तथा निर्देशित किया गया है की संबंधित इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ललितेश त्रिपाठी के केंद्रीय चुनाव कार्यालय में योगदान देकर अपना प्रभार ग्रहण कर लें। जिलाध्यक्ष ननकेस बाबू ने यह भी सूचित किया की प्रदेश अध्यक्ष मा. लाल बिहारी यादव का तूफानी दौरा आगामी सप्ताह में प्रयागराज में होगा जहां शिक्षकों की विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

# भाजपा का आयुष्मान कार्ड गरीबों का है सहारा : एके शर्मा

**तहसील क्षेत्र बभनी हेठार स्थित प्रेम रीजार्ट कैंपस में आयोजित भाजपा की विशाल जनसभा में गरजे भाजपाई**



**मेजा।** भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की विशाल जनसभा क्षेत्र के बभरी हेठार स्थित प्रेम रिजार्ट कैंपस में आयोजित की गई जिसके मुख्य अतिथि एके शर्मा रहे। उल्लेखनीय है कि जनसभा में उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं तथा आम जनमानस को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए ए.के.शर्मा ने कहा कि आयुष्मान कार्ड आज गरीबों का सहारा बना हैं, यह सब विकास केवल भाजपा में ही संभव है जिसमें गरीबों को राशन, गैस सिलेंडर के अलावा अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं। उन्होंने आगे कहा कि पूर्व में चाचा भतीजे की सरकार में बच्चों की शिक्षा के साथ जहां खिलवाड़ किया गया वहीं रोजगार कुछ विशेष लोगों को चिन्हित करके दिया गया है लेकिन आज शिक्षा के स्तर में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एम्स इंजीनियरिंग कॉलेज अधिकांश संख्या में खोला गया है ' हमारी सरकार ने प्रदेश से गुंडाराज खत्म करने का काम किया है तो विपक्षी सरकार ने गुंडा पालने का काम किया था । श्री शर्मा ने कहा आज किसी को गुंडागर्दी करने से पहले योगी का बुलडोजर याद आ जाता है । यह सब आप सभी और जनता के द्वारा बीजेपी के पक्ष में मतदान के कारण हुआ है। उन्होंने अबकी बार 400 के पार को संकल्पबद्ध होकर मत दान करने और मोदी जी को तीसरी बार प्रधान मंत्री बनाने कि अपील किया। इसी क्रम में लोकसभा संयोजक शिवदत्त पटेल जी कहा कि भाई नीरज त्रिपाठी का पूरा परिवार ही भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता से लेकर बड़े पदों पर जनता सेवा किए हैं और आज हम सब के लिए गौरव की बात है कि हम सभी को भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता हमारे बीच में लोकसभा प्रत्याशी बनकर आए हैं ' जनसभा में लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने कहा की चुनाव आप सभी , कमल का फूल और मोदी जी के लिए लड़ रहे हैं, मै आपके लिए सिर्फ़ एक चेहरा हू। चुनाव तो आप सभी को लडना है। उन्होंने कहा कि ऐसे अतुलनीय मेजा के कार्यकर्ताओं के स्वागत से गदगद हूँ ' भारतीय जनता पार्टी केवल विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ती है और जो कहती है उसे पूरा करती है ' हम सभी मोदी जी के परिवार हैं और इस परिवार का कुशल नेतृत्व माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी कर रहे हैं वह भी सेवक के रुप में जंहा अंतिम पायदान के व्यक्ति का विकास किया जाता है। मोदी जी के कार्य शैली से आज विश्व भर में विकास की चर्चा है। मैं अपने पिता जी की भांति ही सबका साथ सबका विकास का और सम्मान का ख्याल करूंगा ' इस बार 400 सीट के पार तभी संभव होगा, जब हम आप सब लग कर हर बूथ पर जो पिछली बार मतदान हुआ था, उससे 370 मत दान ज्यादा करवाएंगे । इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं जिला अध्यक्ष विनोद प्रजापति कहा कि साथियों हम सभी को अंधभक्त वनना है क्योंकि इस भक्ति से देश का विकास बहुत तेजी से हुआ है ऐसी अंध भक्ती सभी को करना चाहिए जिससे देश का विकास हो सके जनसभा का संचालन मेजा विधानसभा के प्रभारी राय चंद दुबे ने किया। इस मौके पर विक्रमादित्य मौर्य, रायचंद दुबे पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी,योगेश शुक्ला,राजमनी कोल पूर्व विधायक नीलम करवरिया, आनंद कुमार पांडे, जयशंकर पांडे,नरेंद्र देव पांडे, रहीस शुक्ला,सुशील मिश्रा, प्रेमशंकर शुक्ला मुन्नन शुक्ला, इंद्रदेव शुक्ला ,मांडवी शरण द्विवेदी ,जयकानत् मिश्र, कृष्णदास गुप्ता,राजेश पांडे,आशुतोष तिवारी टिंकू,पंकज तिवारी, अशोक सिंह,अरुण कुमार सिंह, सुधाकर पांडे लखन केशरी ,आमिर टंकी जय सिंह पटेल,अंकित पांडे,हदयेश मिश्रा, डॉक्टर अमरेश तिवारी, नरेंद्र शुक्ला,राजीव तिवारी, विभूति नारायण सिंह,नीरज द्विवेदी, सबालाल लाल प्रजापति विपिन पांडे जिले के पदाधिकारी गण मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी एवं सभी कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## महिला को अकेला पाकर घर में घूस कर दबंगों ने की अभद्रता, शिकायत

**करछना।** थाना क्षेत्र के पचदेवरा गांव की एक महिला के घर में गांव के कुछ दबंग लोग अकेला पाकर उसके घर से घूस का अभद्रता करने की कोशिश की गई महिला ने शोरगुल मचाया तो दबंगों ने उसके साथ अभद्रता कर उसके कपड़े फाड दिया और उसकी जम कर पिटाई कर दी गई और हमलावरों ने जान मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए,डरी सहमी महिला ने दबंगों के खिलाफ नामजद करछना थाने में शिकायत की है पुलिस को दी गई शिकायत में उक्त गांव निवासी स्नेहा पत्नी अजय कुमार ने आरोपित किया है कि गांव के माता सेवक गुप्ता, शिव धनी गुप्ता एवं शिवम् सहित कई लोग उसके घर में अकेला पाकर घूस गये जब उसका पति घर पर मौजूद नहीं था और दबंगों ने अकेले पाकर महिला के साथ जोर जबरदस्ती करने लगे और जब विरोध किया तो दबंगों ने उसे बुरी तरह पीट दिया और अभद्रता करते हुए उसके कपड़े फाड दिए और जब विरोध के साथ शोर मचाया तो दबंगों ने जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले, पीड़ित महिला ने उपरोक्त दबंगों के खिलाफ कार्रवाई करने एवं जान मान की सुरक्षा की अपील की है।

# कार सवार तीन बदमाशो से पुलिस की मुठभेड़, 2 घायल

## लाखों की जमीन के लिए दुकानदार को अगवा कर मार डाला था, थरवई इलाके में शुक्रवार आधी रात के बाद चेकिंग के दौरान बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हुई

**अखंड भारत संदेश**





**प्रयागराज।** प्रयागराज में एक दुकानदार का अपहरण कर उसकी हत्या करने वाले साजिशकर्ता को पुलिस ने मुठभेड़ में दबोच लिया। गंगापार के थरवई इलाके में शुक्रवार आधी रात के बाद चेकिंग के दौरान कार सवार 3 बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लग गई।

डीसीपी सिटी अभिषेक भारती की टीम ने दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। अपहरण और हत्या में शामिल बदमाशों में अजय पटेल और दिलीप पटेल के पैर में गोली लगी। जबकि बदमाश विकास को पुलिस ने असलहों के साथ पकड़ लिया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस को अपहरण में इस्तेमाल कार, असलहे मिले हैं। अपहरण और हत्या का यह मामला करीब 40 लाख कीमत की जमीन के विवाद को लेकर हुआ। बदमाशों ने सोचा की हत्या के बाद उन्हें पूरी जमीन और रुपए हासिल हो जाएंगे।आपकों बताते हैं अपहरण और हत्या का क्या है पूरा मामला गंगापार के थरवई थाना क्षेत्र के टिकरी इस्माइलगंज गांव के रहने वाले 32 साल के लालमणि पटेल शुक्रवार को गांव की एक बारात में शामिल होने गारापुर सकरा गांव गए थे। बारात में शामिल होने के दौरान अजय पटेल उर्फ सक्सेना और दिलीप लालमणि असलहा सटाकर अगवा कर लिया था। कार में लालमणि को बैठाकर हमलावर निकल गए थे। लालमणि की पत्नी की तहरीर पर अजय पटेल उर्फ सक्सेना और दिलीप पटेल के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी थी। छापेमारी और पूछताछ में रविवार को पुलिस ने अनिल पटेल निवासी टिकुरी (डाही) थाना एयरपोर्ट को घूरपुर से गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ में साफ हुआ था कि लालमणि की हत्या कर दी गई। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने अपहृत लालमणि का शव लालापुर में नगरवार यमुना घाट के किनारे रेत में गड़ा हुआ बरामद किया था।

**कार को रोका तो करने लगे फायरिंग :** लालमणि की हत्या के बाद पुलिस टीमें इस कांड में शामिल आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही थीं। इसी बीच थरवई पुलिस ने शुक्रवार रात में चेकिंग के दौरान एक कार रोकने की कोशिश की। कार सवार तीन युवक पुलिस को देख कर भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो फायरिंग शुरु कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी। जबकि तीसरे बदमाश को दौड़ाकर पकड़ा गया। पूछताछ में पता चला कि जख्मी बदमाशों में अजय उर्फ सक्सेना और दिलीप पटेल हैं। तीसरा विकास है। पूछताछ में पता चला कि अजय और दिलीप लालमणि हत्यकांड में नामजद आरोपी हैं। उनकी तलाश में छापेमारी चल रही थी। जांच में विकास का नाम भी सामने आया।

**डीसीपी गंगा नगर अभिषेक भारती** ने बताया, लालमणि को अगवा करने, अपहरण के बाद हत्या में इन्हीं बदमाशों का हाथ था। मामला लाखों की जमीन को लेकर है। आरोपियों ने सोचा की लालमणि रास्ते से हट गया तो लाखों की जमीन उन्हीं की हो जाएगी।

### जमीन बेचने को लेकर कहासुनी के बाद उठा ले गए थे

अगवा किए गए लालमणि पटेल की हत्या के बाद उसका शव लालापुर में नगरवार यमुनाघाट पर रेत में दफनाया दिया गया था। कातिलों ने पहचान मिटाने के लिए लालमणि के चेहरे को बुरी तरह कूंच दिया था। उसके जूते और कपड़े से परिजनों ने शिनाख्त की थी। लालमणि का अजय, दिलीप पक्ष से विवाद हुआ। इसी के बाद अजय और दिलीप लालमणि को कार में अगवा कर ले गए थे।लालमणि की पत्नी की तहरीर पर अजय पटेल उर्फ सक्सेना और दिलीप पटेल के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया था। थरवई पुलिस लालमणि की तलाश कर ही रही थी। तभी रविवार को लालापुर में अज्ञात शव मिलने की सूचना मिली थी।

# संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 51-फूलपुर के लिए 03 लोगो ने एवं संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 52-इलाहाबाद के लिए 04 लोगो ने लिए नाम निर्देशन पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत गुरूवार को नाम निर्देशन के छठवें दिन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 51-फूलपुर के लिए 03 लोगो ने एवं संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 52-इलाहाबाद के लिए 04 लोगो के द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिया गया। इस प्रकार अबतक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 51-फूलपुर के लिए कुल 52 लोग व 52-इलाहाबाद के लिए कुल 57 लोगो ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। नाम निर्देशन के छठवें दिन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 51-फूलपुर हेतु निर्दलीय प्रत्याशी ऊषा, भारत जोड़ो पार्टी के प्रत्याशी मो0 नसीम हाशमी, निर्दलीय प्रत्याशी प्रेम चन्द्र पटेल, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी जगन्नाथ पाल, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अमर नाथ सिंह, सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभाष पार्टी) की प्रत्याशी संगीता यादव, अपना दल कमेरावादी पार्टी की प्रत्याशी महिला पटेल, पीपल्स पार्टी आफ इण्डिया के प्रत्याशी मुशीर अहमद सिद्दीकी, राष्ट्रीय अपना दल के प्रत्याशी पंडित घनश्याम दास शास्त्री, प्रबुद्धवादी बहुजन मोर्चा के प्रत्याशी लाला राम सरोज एवं 52-इलाहाबाद हेतु निर्दलीय प्रत्याशी गीता रानी शर्मा, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी रमेश, सम्यक पार्टी के प्रत्याशी श्री शिव प्रसाद विश्वकर्मा, परिवर्तन समाज पार्टी के प्रत्याशी अशोक कुमार एवं निर्दलीय प्रत्याशी विकास कुमार मिश्र के द्वारा नाम निर्देशन किया गया।

# घायल युवक की शनिवार सुबह इलाज के दौरान मौत

## 3 दोस्त बारात में शामिल होने गए थे, लौटते समय अज्ञात वाहन ने मारी थी टक्कर

**प्रयागराज।** प्रयागराज के टिकरी गांव में घायल युवकों में एक युवक की शनिवार सुबह मौत हो गई। युवक की मौत से घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। उतराव क्षेत्र के टिकरी निवासी आकाश भारती, शिवम भारती और सतीश गुप्ता तीनों दोस्त है। तीनों दोस्त रघुपुर हंडिया बारात में गए हुए थे। वहां से वापस आते समय जैसे ही भैस्की गांव के पास पहुंचे थे तभी किसी वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों की हालत नाजुक बनी हुई थी। तीनों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा था। शनिवार को इलाज के दौरान सतीश गुप्ता पुत्र मोतीलाल की मौत हो गई। जिससे घर में कोहराम मच गया।

### पुलिस ने शव को पोस्ट मॉर्टम के लिए भेजा

सतीश दो भाइयों में सबसे बड़ा भाई था। घायल शिवम और आकाश का गंभीर अवस्था में इलाज चल रहा है। पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। सतीश की मौत की सूचना पर गांव के ही अधिवक्ता धर्मेंद्र सिंह पटेल समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचकर युवक की मौत पर दुख जताया।

### अतीक अहमद की दो और बेनामी संपत्ति मिली

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के आइएस-227 की संपत्ति की तफ्तीश में जुटी पुलिस को दो और प्रापर्टी के बारे में पता चला है। जमीन की खरीद-फरोख्त में माफिया का ही पैसा लगा था। इस आधार पर अब राजस्व की टीम नैनी व झूंसी स्थित जमीनों का सत्यापन करेगी। पुलिस ने सबसे पहले गौसपुर कटहुला में हुबलाल के नाम पर माफिया द्वारा खरीदी गई साढ़े 12 करोड़ रुपये की प्रापर्टी का पता लगाया था। उस जमीन को अतीक-अशरफ के खास वकील विजय मिश्रा ने डील शुरू की थी, लेकिन उससे पहले ही इसका भंडाफोड़ हो गया था। तब पुलिस ने संपत्ति को कुर्क किया था। इसके बाद नवाबगंज निवासी श्याम सरोज और फिर नैनी महेवा के श्यामजीत भारतीया के नाम पर भी करोड़ों रुपये की जमीन का पता चला। इन संपत्तियों के बारे में भी छानबीन चल रही है। सूत्रों का कहना है कि जांच आगे बढ़ने पर पता चला कि अतीक के गुर्गों ने एक पिछड़ा वर्ग के व्यक्ति के नाम पर भी लाखों रुपये की जमीन बनाई गई है, जो शुरुआती छानबीन में बेनामी पाई गई है। वहीं, अब सभी संपत्तियों से जुड़े अभिलेख और उनका भौतिक सत्यापन कराकर गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क करने की बात कही जा रही है।

# नैनी बेथनी कॉन्वेंट स्कूल में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत दिलाई शपथ निकाली रैली

**लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदाता भागीदारी बढ़ाने नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत बेथनी कॉन्वेंट स्कूल नैनी में किया गया आयोजन**

**अखंड भारत संदेश**





**नैनी।** नैनी बेथनी कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य वहां के युवा को जागरूक करना तथा उन्हें मतदान के महत्व निर्वाचन प्रणाली वोटर हेल्प लाइन ऐप 1950, सुविधा ऐप सी-विजिल ऐप व निर्वाचन से संबंधित अन्य जानकारी उपलब्ध कराना रहा। साथ ही युवा मतदाताओं के माध्यम से उनके पैरेंट्स को भी जागरूक करने का प्रयास करना है। इस दौरान मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मतदाता प्रतिज्ञा शपथ, पेंटिग प्रतियोगिता क्विज प्रतियोगिता नुक्कड़ नाटक पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार रहे उन्होंने छात्र छात्राओं से बात की और उन्हें लोकतांत्रिक भारत में वोट और चुनाव के महत्व की जानकारी दी और शपथ भी दिलायी कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विद्यालय निरीक्षक पी एन सिंह ने किया प्रिंसिपल सिस्टर डॉक्टर शमिता ने धन्यवाद ज्ञापित किया कार्यक्रम में सहायक डीआईओएस एल बी मौर्य और धर्मेन्द्र सिंह, अध्यापक मोहम्मद साबिर दीपक कुमार प्रीति मिश्रा नाजिया खान ब्रिजेश श्रीवास्तव हस्बीन अहमद रहे।

# जिला अपराध निरोधक समिति द्वारा मतदाता जगरूकता अभियान बाइक रैली निकल गई





**जिलाधिकारी पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट व जिलाविद्यालय निरीक्षक एवं प्रदेश सचिव डीसीपीसी संतोष कुमार श्रीवास्तव के आदेश के क्रम में**

**नैनी।** नैनी जिला अपराध निरोधक समिति द्वारा वार्ड से वार्ड ऑफिसर रामबाबू सिंह के नेतृत्व में समिति के बैनर तले मतदाता जगरूकता अभियान बाइक रैली थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रभारी निरीक्षक महेश कुमार मिश्रा व चौकी प्रभारी युनाइटेड कालेज के द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया। नैनी वार्ड ऑफिसर मतदाता जगारूकता अभियान की टोपी पहनाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। साथ में नैनी वार्ड के सहायक वार्ड ऑफिसर शिवकुमार सिंह एवं सहायक वार्ड ऑफिसर औ०क्षे० सुधीर कुमार प्रजापति व सहायक जनसंपर्क अधिकारी प्रेमबाबू प्रजापति भी रहे। जनमानस में 25 मई 2024 को होने वाले मतदान को रैली के माध्यम से जनजागृत किया गया जिसमे उपस्थित मीडिया प्रभारी दिनेश कुमार वर्मा अपने अधीनस्थ वॉलिंटियर्स के साथ, एवं थाना कमेटी प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र अमरजीत बिन्द व सहायक थाना कमेटी प्रभारी दीपक सिंह क्षेत्रीय कमेटी प्रभारी बलवन्त कुमार विश्वकर्मा विनोद कुमार प्रजापति, शनी श्रीवास्तव, प्रवीन कुमार मिश्रा, रवि प्रकाश प्रजापति सकुशल सम्पन्न कराने में पूर्ण सहयोग किये। जो युनाइटेड कालेज होते हुए नैनी कोतवाली में शपथ के बाद रैली का समापन किया गया। रैली में सहाभागिता करने वाले वॉलिंटियर्स को वार्ड ऑफिसर रामबाबू सिंह धन्यवाद और भूरी भूरी प्रशंसा किए।

### भाजपा नेता पर जानलेवा हमला, गाड़ी बरामद



**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात घर के बाहर घूम रहे भाजपा नेता पर स्कार्पियो सवार लोगो ने हमला कर दिया। इस दौरान भाजपा नेता को लाठी, सरिया से जम कर मारा आरोप है कि इस दौरान फायरिंग भी की गई भीड़ जमा होने पर हमलावर गाड़ी छोड़ भाग गए। सूचना पर पहुची पुलिस ने गाड़ी थाने पर लाई। नई झूंसी धर्मशाला निवासी मोहित केशरवानी ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि शुक्रवार की रात वह घर के बाहर खाना खाने के बाद टहल रहे थे तभी स्कार्पियो से कुछ लोग आए गली गलौज करते हुए हमला कर दिया आरोप है कि इस दौरान स्कार्पियो सवार लोगों ने लाठी, डंडे सरिया से जमकर मारा फायरिंग भी की गई। हंगामा होता देख लोग जमा होने लगे। तब हमलावर अपनी गाड़ी मौके पर ही छोड़कर भाग निकले सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्कॉर्पियो कब्जे में लेकर थाने पर लाई। पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की है। थाना प्रभारी ने बताया कि जांच की जा रही है दूसरे पक्ष से भी एप्लिकेशन आई है।

# डाक विभाग डाक बाटने के साथ, मतदान के लिए भी करेगा प्रेरित : पोस्टमास्टर जनरल

**प्रयागराज।** डाकिया डाक लाया, डाकिया बैंक लाया और अब डाकिया देश में लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए लोगों को मतदान के लिए भी प्रेरित करेगा। भारतीय चुनाव आयोग के ह्यस्वीप कार्यक्रमह्न के अंतर्गत चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने का बीड़ा अब डाक विभाग ने भी उठाया है। प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव के निर्देश पर प्रयागराज मंडल के 545 डाकघरों सहित परिक्षेत्र के अधीन कुल 1960 डाकघरों के माध्यम से यह वृहद् अभियान चलेगा। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने लोगों से लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। एक तरफ डाकघरों के माध्यम से बँटने वाली डाक पर 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' और मतदान की मुहर लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है, वहीं डाकिया भी डाक वितरण के दौरान लोगों से अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की अपील करेंगे। इसके साथ ही डाकघरों में स्पीड पोस्ट व रजिस्ट्री बुकिंग, आईपीपीबी और बचत खाता खुलवाने, आधार नामांकन व अपडेशन इत्यादि तमाम कार्यों के लिए आने वाले लोगों को भी डाक कर्मी अपना वोट देने के लिए प्रेरित करेंगे। पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि लाखों लोगों के घरों तक पहुंचने वाली चिट्ठियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। खास कर बुजुर्ग, युवा, महिला और फर्स्ट वोटर्स के साथ-साथ दिव्यांग मतदाताओं तक हर हालत में जागरूकता संदेश पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रयागराज मंडल के प्रवर अधीक्षक डाकघर अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा कि पोस्ट ऑफिस में दैनिक रूप से बड़ी संख्या में आम जनता अपने कार्यों के लिए पहुंचती है। इस लिहाज से पोस्ट ऑफिस मतदाता जागरूकता के लिए भी उचित स्थान है। उन्होंने डाक विभाग के समस्त कर्मियों को डोर-टू-डोर मतदाता जागरूकता अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का अनुरोध किया।

**डाक विभाग की मुहिम : लाखों लोगों के घर पहुंचने वाली चिट्ठी पर होगी वोट देने की अपील, वोट जरूर डालें, घर-घर दस्तक देकर मतदाताओं को जागरूक करेगा डाक विभाग**






# क्षत्रियों को एकजुट होने की जरूरत : राजकुमार सिंह

**झूंसी।** महाराणा प्रताप सेवा संस्थान द्वारा महाराणा प्रताप की जयंती को धूमधाम से मनाने हेतु बैठक हुई। महाराणा प्रताप सेवा संस्थान के अध्यक्ष पूर्व ब्लाक प्रमुख राजकुमार सिंह उर्फ रिंकू बतौर मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि बदलते राजनैतिक परिवेश में क्षत्रिय समुदाय को एकत्रित होने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि माह राणा प्रताप की जयंती पर नौ मई को सृष्टि गार्डन बीकापुर हनुमानगंज में विशाल सभा होगी। विशिष्ट अतिथि डॉ मयाशंकर सिंह (पूर्व प्राचार्य दिग्विजय नाथ डिग्री कालेज गोरखपुर) ने महंत योगी आदित्यनाथ के हिंदू हृदय सम्राट की कुछ पुरानी यादों को ताजा किया। विशिष्ट अतिथियों में शिवराज सिंह, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह सहित कैप्टन वाई पी सिंह, मनेन्द्र प्रताप सिंह, अजय सिंह, मनीष राजपूत, कुलदीप सिंह, रणविजय सिंह एडवोकेट, विजय सिंह चंदेल, दिनेश सिंह, अमरजीत, धर्मेंद्र सिंह,संजय सिंह, अनुग्रह नारायण सिंह, भूपेंद्र सिंह (सदस्य, जिला पंचायत) , विश्व प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन विजय सिंह द्वारा किया गया।

### तस्करी के लिए ले जा रहे गोवंश को पुलिस ने पकड़ा, ट्रक चालक समेत तीन हिरासत में



**प्रयागराज।** कीडगंज थाना क्षेत्र के बैरहना इलाके में पुलिस ने तस्करी के लिए ले जाए जा रहे एक दर्जन भर से अधिक गोवंश को बरामद किया। पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बैरहना में बांगड़ धर्मशाला के फ्लाईओवर पर एक ट्रक को रोककर तलाशी ली तो उसमें बड़ी संख्या में गोवंश को भरा गया था। ट्रक नैनी की ओर से झूंसी की तरफ जा रहा था। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। चालक समेत तीन लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

# भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ उत्तरप्रदेश की कार्यकारिणी का हुआ शपथ ग्रहण

**सात साहित्यकारों सहित महासंघ के 51 पत्रकारों का हुआ सारस्वत सम्मान, 15 जुलाई से रजत जयंती वर्ष मनाए जाने का लिया गया निर्णय**



**प्रयागराज।** देश के पत्रकारों साहित्यकारों के मान सम्मान को संरक्षित करने के लिये सदैव तत्पर रहने वाले सबसे बड़े संगठन भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की उत्तरप्रदेश इकाई का विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस 3 मई 2024 को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र की अध्यक्षता में किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विख्यात पाठ्यक्रम पुस्तक लेखक डॉ सर्वेश कान्त वर्मा ' सरल ' रहे` विशिष्ट अतिथि भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया, संरक्षक प्रोफेसर अवधेश अग्निहोत्री, डॉ सुभाष चन्द्रा ( कानपुर ) , विजय बेशर्म( गाडरवारा ) , रामचन्द्र राय ( आजमगढ़ ) रहे। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक / संचालक डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय ने प्रदेश अध्यक्ष प्रभाशंकर ओझा, प्रांतीय मुख्य महासचिव मधुसूदन सिंह, प्रांतीय संरक्षक राम चंद्र राय, सतीश चन्द्र मिश्र मधुर, प्रांतीय कोषाध्यक्ष हौसला प्रसाद सिंह पटेल , प्रान्तीय सचिव सुमन कुमार पाण्डेय के साथ ही अन्य पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। समारोह में इस अवसर पर देश के सात मूर्धन्य साहित्यकारों को साहित्यिक सांस्कृतिक कला संगम अकादमी परियांवां प्रतापगढ़ द्वारा मानद सम्मानोपाधि विद्या वाचस्पति के सारस्वत सम्मान में अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीपी यादव बलिया / प्रयागराज ने भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की सदस्यता ग्रहण की। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मुनेश्वर मिश्र ने बीपी यादव कों सम्मानित किया। सारस्वत सम्मान से सम्मानित होने वाले साहित्यकारों में श्रीमती जया सिंह (सुलतानपुर) , श्रीमती वंदना सोनी ' विनम्र ' (जबलपुर ), जया मोहन (प्रयागराज ),राज बहादुर राना (सुलतानपुर ), सतीश बब्बा (चित्रकूट ), योगेंद्र कुमार मिश्र ' विश्वबंधु ' (प्रयागराज ), मालती नीलाक्षी (उन्नाव ) शामिल रहे। वहीं इस अवसर पर काव्य शतक (काव्य संग्रह ) डॉ जया मोहन, वागीश वाणी (दोहा संग्रह ) डॉ राम लखन चौरसिया वागीश, प्रगति के दीप (साझा काव्य संग्रह ) साहित्यांजलि प्रकाशन प्रयागराज, का लोकार्पण / विमोचन भी मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। आगामी 15 जुलाई से रजत जयंती वर्ष मनाए जाने का निर्णय करतल ध्वनि से लिया गया। आयोजन स्थल पर लगाई गई पुस्तक प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र बनी रही। महासंघ के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पवनेश कुमार पवन, देश दर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी प्रदीप सिंह , कार्य कारिणी सदस्य कुलदीप शुक्ला, छत्तीसगढ़ के प्रान्तीय मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र द्विवेदी, प्रयागराज मण्डल संरक्षक अब्दुल हाशिम , मण्डल सचिव अशोक कुमार तिवारी , जिलाध्यक्ष रमाकांत त्रिपाठी, मुख्य महासचिव राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, संयुक्त सचिव कुंवर तौकीर अहमद खान , लाल चंद्र प्रजापति , महासचिव कमलेश सिंह , सुधीर सिन्हा , कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता , महानगर अध्यक्ष विकास केलकर सहित मिर्जापुर जिलाध्यक्ष सतीश सिंह छविलाल पाल अम्बेडकर नगर, ललिता अग्रवाल, मयंक कुमार, अशोक निषाद, देवेश चौबे, अखिलेश यादव, केशव प्रकाश सक्सेना, अनिल बहोरिकपुरी, ललित मोहन, रामभरोस मिश्र , जफर सिद्दीकी, आनंद वैश्य, अनिल धुरिया, सौरभ आदि सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में यह आयोजन सुमधुर स्वल्पाहार के साथ सम्पन्न किया गया।

# डाक बाँटने के साथ मतदान के लिए भी करेगा प्रेरित डाक विभाग: पोस्टमास्टर

## लाखों लोगों के घर पहुंचने वाली चिट्ठी पर होगी वोट देने की अपील

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** डाकिया डाक लाया, डाकिया बैंक लाया और अब डाकिया देश में लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए लोगों को मतदान के लिए भी प्रेरित करेगा। भारतीय चुनाव आयोग के 'स्वीप कार्यक्रम' के अंतर्गत चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने का बीड़ा अब डाक विभाग ने भी उठाया है। प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव के निर्देश पर प्रतापगढ़ जनपद के 362 डाकघरों सहित परिक्षेत्र के अधीन कुल 1960



पोस्टमास्टर कृष्ण कुमार यादव।

डाकघरों के माध्यम से यह वृहद् अभियान चलेगा।

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने लोगों से लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। एक तरफ डाकघरों के माध्यम से बँटने वाली डाक पर चुनाव का पर्व, देश का गर्व और मतदान की मुहर लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है, वहीं डाकिया भी डाक वितरण के दौरान लोगों से अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की अपील करेंगे। इसके साथ ही डाकघरों में स्पीड पोस्ट व रजिस्ट्री बुकिंग, आईपीपीबी और बचत खाता खुलवाने, आधार नामांकन व अपडेशन इत्यादि तमाम कार्यों के लिए आने वाले लोगों को भी डाककर्मी अपना वोट देने के लिए प्रेरित करेंगे।

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि लाखों लोगों के घरों तक पहुंचने वाली चिट्ठियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। खास कर बुजुर्ग, युवा, महिला और फर्स्ट वोटर्स के साथ-साथ दिव्यांग मतदाताओं तक हर हालत में जागरूकता संदेश पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रतापगढ़ मंडल के अधीक्षक डाकघर संजय कुमार ने कहा कि पोस्ट ऑफिस में दैनिक रूप से बड़ी संख्या में आम जनता अपने कार्यों के लिए पहुंचती है। इस लिहाज से पोस्ट ऑफिस मतदाता जागरूकता के लिए भी उचित स्थान है। उन्होंने डाक विभाग के समस्त कर्मियों को डोर-टू-डोर मतदाता जागरूकता अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का अनुरोध किया।

## खुलेआम हो रहा है आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सड़क किनारे लगे लोहे के बोर्ड पर बड़े नेताओं की तस्वीरें लगी है जो प्रशासन को नहीं दिखाई दे रहा है। यहां खुलेआम आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के पट्टी से बंधवा वाया पृथ्वीगंज मार्ग पर सड़क किनारे देश के प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व सांसद संगम लाल गुप्ता की फोटो लोहे के बोर्ड पर सड़क किनारे लगी हुई है जिसे प्रशासन ने अभी तक नहीं हटवाया, जिससे आदर्श आचार संहिता का खुलेआम उलंघन हो रहा है, जिसकी च चा लोगों की जुबान पर। जबकि इस समय देश में आचार संहिता लागू है और मई महीने में चुनाव होने हैं। लेकिन प्रशासन को नेताओं के बोर्ड पर लगे फोटो नहीं दिख रहें हैं, जिसकी चर्चा इलाके में चोरों पर है।

# जेईई मेंस में संस्कार ग्लोबल स्कूल के पांच छात्रों ने बाजी मारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जेईई मेंस के घोषित परिणाम में संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा के पांच छात्रों ने बाजी मारी है। शनिवार को सभी को सम्मानित किया।

शुभी, सारा मतीन, मोहन सिंह, मो. अनस, अक्षत शुक्ला ने अच्छे अंक अर्जित किये। चेयरपर्सन डॉ. अंजना सिंह सेंगर ने बच्चों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।निदेशक संजय सिंह,प्रिंसिपल समीना अख्तर ने चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए मुंह मीठा कराया। निदेशक ने कहा कि देश की प्रतिष्ठित परीक्षाओं में से एक इस परीक्षा में बच्चों ने बिना कोचिंग के यह परीक्षा न सिर्फ पास की है, बल्कि अच्छा



जेईई मेंस में चयनित संस्कार ग्लोबल स्कूल के बच्चे।

स्कोर किया है। संचालन अविनाश सिंह ने किया। प्रकाश त्रिपाठी, अखिलेश मिश्र, सुधा सिंह, मो.रईस, आरएम शर्मा, तरुण शुक्ल, आनन्द सिंह, महेन्द्र वर्मा, संजीव शुक्ल, नौशाद खान, जेपी त्रिपाठी, कृष्णा सिंह, प्रमोद गुप्ता आदि रहे।

## घर में घुसकर मारपीट पर तीन के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंजिश में घर में घुसकर युवती के साथ मारपीट करने की घटना में कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के भदारी कला शिवबक्श गांव की अंतिमा पुत्री श्यामलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रंजिश को लेकर दो मई की शाम करीब साढ़े सात बजे गांव के रमाकांत वर्मा के पुत्र मुकेश वर्मा व पुत्रियां सुनीता व रोशनी उसके घर में घुस आये। आरोपियों ने लाठी डंडा व धारदार हथियार से उसे मारापीटा। गंभीर चोट लगने से पीड़िता बेहोश हो गयी। आरोपी जान से मारने की धमकी देते चले गये। मामले में जांच के बाद पुलिस ने मुकेश समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## एसडीएम सदर ने कब्जेदारों को दी नोटिस

**प्रतापगढ़।** एसडीएम सदर ने किशोरी मिष्ठान (चैक), केसरवानी पुस्तक भंडार के अलावा एक अधिवक्ता नेता सहित आधा दर्जन स्वामियों को नोटिस भेजकर चेतावनी दी है कि एक सप्ताह के अंदर अवैध कब्जा स्वयं हटा लें अन्यथा राजस्व टीम उसे जमीदोज करा देगा। इस कार्य पर आने वाले खर्च को अवैध कब्जेदारों से वसूल किया जाएगा। नोटिस मिलने से कब्जेदारों में हड़कम्प मच गया है।

# अंश व शिवांग वर्मा के घर पहुंच कर एसपी पटेल ने जताई संवेदना, हर संभव मदद का दिया आश्वासन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पूरे दलपत शाह गांव में मंगलवार की शाम को तालाब नहाने गए दो मासूम की मौत हो गई थी आज प्रतापगढ़ के सपा प्रत्याशी शिवपाल सिंह पटेल घर वालों से मिल कर हर संभव मदद का भरोसा दिया।

आसपुर देवसरा गांव के पूरे दलपत शाह गांव में मंगलवार की शाम अंश वर्मा शिवांग वर्मा घर से कुछ दूर स्थित तालाब पर नहाने के लिए गए थे तालाब में नहाते वक्त दोनों बच्चों की तालाब में डूबने के कारण हो गई थी शनिवार को लोकसभा प्रत्याशी सपा एसपी सिंह पटेल पीड़ित स्वजनों के घर पहुंच कर संवेदना जताई व हर संभव



मासूम की मौत पर संवेदना जताते सपा प्रत्याशी एसपी पटेल।

मदद करने का भरोसा दिया इस मौके पर आर के भीम, आशीष पटेल, शिखर पाल, जगलाल, दिनेश कुमार वर्मा आदि लोग मौजूद रहे। उधर शनिवार को विधानसभा सदर क्षेत्र के अचलपुर सहित कई मुहल्लों में जनसंपर्क कर लोगों से अपने पक्ष में जन-समर्थन मांगते हुए आर्शीवाद लिया। इस दौरान गठबंधन के प्रत्याशी डॉव एस.पी. सिंह पटेल ने कहा कि राजनीति उनका रोजगार नहीं है, वे प्रतापगढ़ में लोगों की सेवा करना चाहते है। गठबंधन के प्रत्याशी डॉ एस.पी. सिंह पटेल ने लोगों से स्नेह आशीर्वाद लेते हुए अपने पक्ष में मतदान की अपील किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय, जावेद खान, सद्दाम एडवोकेट, गुलफाम खान, सफात खान, इंजीनियर प्रिंस कुमार पटेल, जी. एस. वर्मा, सेबू शहरे आलम, राजेश कुमार यादव, राहुल मौर्या, बबलू पाल, जयप्रकाश पाल, रंजीत सरोज आदि सम्मानित लोग मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर पूर्व शिक्षक एम.एल.सी. कांति सिंह ने इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉव एस.पी. सिंह पटेल के समर्थन में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रानीगंज विधानसभा क्षेत्र के डिघवट व आस पास के गांव में गठबंधन के कार्यकर्ताओं साथ सघन जनसंपर्क करते हुए लोगों से इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी को मत देकर मजबूत बनाने की अपील की।

## गर्मी में पानी की भारी किल्लत नगर पंचायत मौन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आदर्श टाउन एरिया पट्टी में तहसील परिसर के पास उमसभरी गर्मी में पट्टी तहसील आने वाले फरियादियों वादकारियों को पेयजल के संकट से जूझना पड़ रहा है। दूर-दूर से आगंतुक फरियादियों के लिए पानी की व्यवस्था में भारी चूक दिखाई दे रही है। गौरतलब है कि नगर पंचायत पट्टी के अध्यक्ष स्वयं अपनी पीठ थपथपाते हुए नगर पंचायत पट्टी को दुल्हन की तरह सजाने का वायदा करके चुनावी समर में जीत हासिल किये थे। लेकिन अब जब गर्मी चरम पर है तब कस्बे में कहीं पेयजल की व्यवस्था नहीं है। कस्बे में लगे वार्टर एटीएम प्याऊ महज शोपीस बन गए हैं। और एक-एक बूंद पानी के लिए लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। फिलहाल इस उमस भारी गर्मी में ना तो प्रशासनिक अमला इस पर ध्यान दे रहा है न टाउन एरिया अध्यक्ष वैसे देखना है कि इस समस्या से लोगों को कब निजात मिलेगा और प्रशासनिक अमला इसका निदान कब कराएंगा।

## दो पहिया और चार पहिया वाहनों की हुई सघन चेकिंग

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर जगह-जगह संदिग्ध स्थलों पर एकाग्र होकर जनपद की पुलिस संदिग्ध दशा में मिलने वाले सभी दो पहिया और चार पहिया वाहनों की चेकिंग कर रहे हैं। चेकिंग की बात तो देखरेख की रही स्थानीय पट्टी पुलिस बाकायदा वाहनों की तलाशी ले रही है, जिससे वाहन चालकों में हड़कंप जैसा माहौल नजर आया। इस तलाशी अभियान में प्रमुख रूप से कोतवाल आलोक कुमार, चैकी इंचार्ज पृथ्वीगंज लक्ष्मीकांत सिंगर, उप निरीक्षक इंद्रेश कुमार प्रजापति, उप निरीक्षक शुभम सिंह, महिला उप निरीक्षक अर्चना, मुख्य आरक्षी मुकेश त्रिपाठी आरक्षी सोनू कुमार चेकिंग अभियान में शामिल रहे।

## जमीन विवाद को लेकर महिला सहित तीन को पीट कर किया घायल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जमीनी रंजिश के चलते पड़ोसियों ने महिला सहित तीन को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस घायलों को सीएचसी पट्टी लेकर आए इलाज के बाद पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली इलाके के पूरेघना गांव के रहने वाले संतलाल पुत्र राम अनंद ने प्रार्थना पत्र देकर आरोपित किया है कि शुक्रवार की देर रात उसके हैंडपंप को पड़ोसी लोग उखाड़ने लगे, जिसका विरोध करने पर उक्त लोग संतलाल को लाठी डंडों से पीटने लगे यह सब देख पत्नी मीरा देवी आई तो उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। इसी दौरान हल्ला गुहार सुनकर बेटा संदीप कुमार बचाने के लिए आया तो उसके सर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिए जिससे वह अचेत होकर गिर पड़ा शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर आए। तो विपक्षी लोगों ने जान से मार देने की धमकी देते हुए चले गए। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## चार प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत कलेक्टेट्रट में बनाये गये नामांकन स्थल पर आज छंठे दिन 04 प्रत्याशियों द्वारा जिलाधिक्कारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया जिनमें श्रवण कुमार त्रिपाठी सुत राम मनोहर त्रिपाठी-निर्दलीय-दो सेट, फूलचन्द्र सोनी सुत राम अंजोर-निर्दलीय एक सेट, ऋषि पटेल सुत राम सजीवन-अपना दल (कमेरावादी) एक सेट व धनन्जय सुत गौरीशंकर-निर्दलीय एक सेट में नामांकन दाखिल किया। इसके अलावा छठें दिन आठ लोगों ने 11 सेट में नामांकन पत्र प्राप्त किया।

# फांसी का फंदा लगाकर किशोरी ने की आत्महत्या, घर में कोहराम

## शौच गयी महिला की करंट की चपेट में आने से मौत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात कारणों से किशोरी ने शनिवार को घर के अंदर कमरे मे पंखे के हुक में लटक कर आत्महत्या कर ली। सांगीपुर थाना क्षेत्र के देउम पूरब सेमरी निवासी हरिलाल की पुत्र सुशीला 17 ने कमरे के अंदर पंखे के हुक में दुपटटे से फांसी लगा लिया। मृतका का पिता हरिलाल मजदूरी करने तथा उसकी मां मवेशियों को लेकर चाराजोई में गयी थी। दिन में एक बजे जब मृतका की मां सूरसती मवेशियों को लेकर घर वापस आयी तब दरवाजा अंदर से बंद देखा। सूरसती ने कई बार आवाज लगायी। फिर भी अंदर से कोई जबाब नही मिला। सूरसती की चीखपुकार पर गांव के लोग जुटे और पडोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया। कमरे के अंदर किशोरी को फांसी पर लटकता देख मां चीख पड़ी। सूचना मिलने पर सांगीपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पीएम के लिए भेजवाया। किशोरी की मौत को लेकर परिजन कुछ भी बोलने की स्थिति में नही दिखे। उधर घर से शौच जाने के लिए निकली महिला करंट की चपेट में आ गयी। अस्पताल में ले आने पर चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों से कोहराम मचा है। लालगंज कोतवाली के अन्तर्गत रानीगंज कैथौला पुलिस चैकी क्षेत्र के देल्हूपुर गांव निवासी प्रमोद वर्मा की पत्नी ललिता देवी (38) शनिवार की सुबह करीब पांच बजे घर से शौच के लिए अपने खेत में गयी थी। उसके खेत से सटे पडोसी के खेत में मवेशियो से फसल के बचाव के लिए झटका करंट का तार खींचा गया था। शौच के दौरान महिला के झटका करंट तार की चपेट में आ गयी। जानकारी होते ही परिजन उसे इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर लालगंज ले आये। यहां चिकित्सकों ने महिला ललिता देवी को मृत घोषित कर दिया। मृतका की दो पुत्रियां सरिता व अंजली तथा एक पुत्र राहुल है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। रानीगंज कैथौला चौकी इंचार्ज सुरेन्द्र सिंह का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## फांसी के फंदे पर लटकता मिला विवाहिता का शव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना क्षेत्र के बला का पुरवा रायगढ़ गांव में संदिग्ध अवस्था में फांसी के फंदे पर एक विवाहिता का शव लटकता मिला। बता दें कि विवाहिता प्रिया की शादी दो साल पहले हुई थी। फांसी के फंदे से उतारकर ससुरालवालों ने प्रिया को कुण्डा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गये जहां प्रिया को मृत चिकित्सकों द्वारा घोषित कर दिया गया। इस दौरान जब मायके वालों को जानकारी हुई तो वह भी अस्पताल पहुंच गये और उन्होंने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने सास को हिरासत में लिया है और पति अस्पताल से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रिया की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिये भेजा है।

## अतुल अंजान के निधन पर प्रमोद तिवारी व मोना ने जतायी पीड़ा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने संयुक्त किसान मोर्चा की राष्ट्रीय समन्वय समिति के सदस्य तथा स्वामीनाथन आयोग के सदस्य रहे अतुल कुमार अंजान के आकस्मिक निधन पर गहरी संवेदना प्रकट की है। राज्य सभा सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा है कि अतुल अंजान जी का सम्पूर्ण जीवन किसान मजदूर एवं समाज के पिछडे तबके के लोगों के लिए समर्पित रहा है। कांग्रेस नेताद्वय ने कहा कि अतुल अंजान के निधन से किसानों, मजदूरों एवं गरीबों का एक सच्चा हितैषी सदासर्वदा के लिए चला गया है। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने अतुल के निधन को पारिवारिक मित्र खो देने की व्यक्तिगत क्षति भी कहा है। नेताद्वय का संयुक्त बयान यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

# सिल्वर जोन ओलंपियाड के विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

## बी एस एस एकेडमी में हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बी एस एस एकेडमी प्रतापगढ़ में आज सिल्वर जोन फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा आयोजित सिल्वर जोन ओलंपियाड के विजेताओं को संस्था के प्रतिनिधि रवि एवं विद्यालय के निदेशक विनोद सिंह द्वारा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल




विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते अतिथिगण।

भविष्य की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर विनोद सिंह ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में छुपी प्रतिभाओं को निखारने में सहायक होती हैं। विद्यार्थियों को ऐसी प्रतियोगिताओं में अवश्य प्रतिभाग करना चाहिए। कक्षा 9 के छात्र अंशुमान सिंह को गोल्ड मेडल, अनुराग रजक को सिल्वर मेडल और मुनफ पटेल को कांस्य पदक प्रदान किया गया। सांत्वना पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों में कक्षा 7 से छात्र रुद्रांश सिंह, प्रसिद्धि सिंह, सृष्टि गुप्ता, कक्षा 8 से प्रियांशु तिवारी, अर्पिता वर्मा, रुद्राक्ष सिंह, कक्षा 9 से आर्यन सिंह, कृष्णा शुक्ला, सोनाक्षी सरोज, कक्षा 12 से उत्कर्ष ओझा, प्रनव मिश्र, आयुष कुमार मोदनवाल को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मैनेजर धर्मेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य अवधेश प्रताप सिंह, शिक्षकगण अर्चना तिवारी, दिग्विजय सिंह, संजय सिंह, प्रीतम राज, यमी सिंह आदि उपस्थित रहे।

# शोध छात्रा प्रिया पाण्डेय को मिली पीएचडी की उपाधि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शैक्षिक करियर में हमेशा उच्चांक प्राप्त करने वाली होनहार शोधछात्रा प्रिया पाण्डेय को ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय जयपुर राजस्थान से पीएचडी की उपाधि मिली है। यह उपाधि उन्हें आहार एवं पोषण विषय पर प्राप्त हुई। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में यह उपाधि प्रिया पाण्डेय को पाण्डुचेरी की उपराज्यपाल एवं प्रथम महिला आईपीएस किरन बेदी ने प्रदान की। विश्वविद्यालय की प्रो0



प्रिया पाण्डेय

पल्लवी सिंह तथा प्रो0 नीरज के निर्देशन में प्रिया पाण्डेय ने शोधकार्य किया। गौरतलब है कि प्रिया पाण्डेय डीआईओएस कार्यालय के पूर्व शिक्षाकर्मी विनोद पांडेय तथा जीजीआईसी की शिक्षिका नीरू पाण्डेय की बेटी हैं। जनपद के सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी माता बदल पाण्डेय की प्रपौत्री हैं। इस उपलब्धि पर प्रबुद्धजनों-डीआईओएस सरदार सिंह, पूर्व एडीआईओएस डॉ. दयाराम मौर्य रत्न, पूर्व प्राचार्य जगदीश मिश्र, आलोक मिश्र, ज्ञान प्रकाश मिश्र, अम्मा साहब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा, समाजसेवी रोशन लाल ऊमरवैश्य, विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य आदिक ने प्रिया पाण्डेय को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## आज विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज रविवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वह अपरान्ह साढ़े तीन बजे लालगंज के भदारी कला तथा साढ़े चार बजे पूरे नोती एवं सांय साढ़े पांच बजे समापुर में आयोजित पार्टी द्वारा जनसभाओं को संबोधित करेगे। इसके पहले राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी दिन में एक बजे अगई मोड़ में कार्यकर्ताओं से मुलाकात व डेढ़ बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन करेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## घर में हुई चोरी को लेकर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर में घुसकर चोरी की घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के कल्यानपुर गांव निवासी राहुल उपाध्याय पुत्र छोटे लाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि दो मई की रात्रि अज्ञात चोर उसके घर में घुस आये। आलमारी का ताला तोडकर लाखों के जेवरात व नकदी चुरा ले गये। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि मामले में जांच के बाद अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। शीघ्र की घटना का राजफाश किया जाएगा।

# अधिवक्ताओं के शस्त्र लाइसेन्स जमा कराए जाने को लेकर जतायी नाराजगी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव में जिले के अधिवक्ताओं को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ब्राण्ड एम्बेस्डर बनाये जाने को लेकर आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन ने शनिवार को डीएम को पत्रक सौंपा है। वहीं एसोशिएसन ने चुनाव की आड़ में अधिवक्ताओं के लाइसेंसी शस्त्र जमा कराए जाने को लेकर पुलिस प्रशासन के दबाव को लेकर नाराजगी भी जतायी है। एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने डीएम संजीव रंजन को लिखे पत्र में कहा है कि संसदीय चुनाव में मतदाता जागरूकता अभियान को और प्रभावी बनाये जाने के लिए जिले भर के अधिवक्ता संगठनों के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं को मतदान केन्द्रों के लिए ब्राण्ड एम्बेस्डर बनाए जाने की सकारात्मक पहल की जाय।

वही उन्होने डीएम के साथ एसपी सतपाल अंतिल से भी मुलाकात कर उन्हें सौपे गये पत्र में कहा है कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा को देखते हुए थाना स्तर पर उनके लाइसेंसी शस्त्र जमा कराये जाने की कार्रवाई को अविलम्ब रोका जाना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा है कि अधिवक्ताओं के शस्त्र लाइसेंस जमा कराए जाने के दबाव के बीच यदि चुनाव के दौरान अधिवक्ताओं की सुरक्षा प्रभावित हुई तो इसके लिए जिला प्रशासन जिम्मेदार होगा। उन्होनें कहा है कि एक तरफ अधिवक्ता सुरक्षा आधिनियम को लेकर अधिवक्ता लोकतांत्रिक आवाज उठा रहे हैं दूसरी तरफ निर्वाचन की आड़ में अधिवक्ताओं के शस्त्र लाइसेंस जमा कराये जाने के पुलिसिया अभियान से जिले भर में अधिवक्ताओं में क्षोभ व आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

# घर के पीछे छप्पर से लगी आग पिता पुत्र समेत चार झुलसे

**अग्निकांड की घटना में कपड़ा बर्तन बिस्तर नगद रुपए जेवर सहित लाखों का जल गया सामान**



**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के कौशांबी थाना अंतर्गत सोनवारा पोस्ट बेरौचा गांव में सुरेश पाल के घर के पीछे छप्पर से शनिवार की दोपहर अचानक आग लग गई देखते देखते आग ने विकराल रूप ले लिया घर के अंदर दोपहर को आराम कर रहे लोग जब तक कुछ समझ पाते तब तक पूरा परिवार आग की लपटों से घिर गया तेज लपट से परिवार के लोग झुलसने लगे चीख पुकार मच गई आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस के साथ-साथ फायर ब्रिगेड को दी गई घटना की सूचना पाकर मौके पर थाना पुलिस के साथ फायर ब्रिगेड भी पहुंच गई काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सकता है इस घटना में सुरेश पाल उसके बेटे दिलीप और संदीप और संदीप की पत्नी सहित चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं 108 एंबुलेंस के जरिए घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जाती है आग लगने के बाद ग्रामीणों ने अपने स्तर से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया घर के भीतर आग की लपटों में फंसे परिवार के लोगों को बाहर निकलने का भी प्रयास गांव के लोगों ने किया लेकिन पूरी तरह से सफलता नहीं मिल सकी फायर ब्रिगेड के आने के बाद झुलसे लोगों को बाहर निकल गया है और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है अग्निकांड की घटना में घर के अंदर रक्खा कपड़ा बर्तन बिस्तर आनाज फर्नीचर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण नगद रुपए जेवर सहित लाखों रुपए कीमत का समान जल कर खाक हो गया है इस अग्निकांड की घटना में किसी पड़ोसी की साजिश से इनकार नहीं किया जा सकता।

## 6 घरों में लगी आग दो बालिकाएं झुलसी लाखों का सामान स्वाहा

**भूखे फ्यासे तड़प रहे 50 लोगों की 22 घंटे बीत जाने के बाद अधिकारियों या जनप्रतिनिधियों ने नही ली सुध**



**कोखराज कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के नगर पालिका परिषद भरवारी के टिकरडीह ग्राम सभा में 03 मई को 6 घर मे आग लग गयी जिसमें 6 परिवार के घरों में आग से नगद रुपए सोने चांदी के जेवर अनाज बर्तन बिस्तर कपड़ा सहित सारा समान जल कर राख हो गया घटना में दो बालिकाएं भी झुलस गई है जिन घरों में आग लगी है वह दाने-दाने को मोहताज है खाने की व्यवस्थाएं नहीं है बर्तन चूल्हा आनाज सब जल गया है घटना को 22 घंटे के बीत जाने के बाद ना तो अभी अधिकारियों ने उनकी सुध ली है ना हीं नेताओं ने उनकी सुधि ली है समाज में दुख दर्द बांटने की बड़ी-बड़ी बात मंच माइक से करने वाले नेताओं ने भी इस बड़ी समस्या में दुख दर्द बांटने का अभी तक प्रयास नहीं किया है। अभी तक न नगर पालिका अध्यक्ष की तरफ से खाने पीने की व्यवस्था 22 घंटे बीत जाने के बाद भी नही की गयी वही ग्राम सभा कोटेदार ने तो सुध तक नही लिया ग्रामीणों ने बताया कि पीड़ितों को केवल अस्वासन दे कर जिम्मेदार चले गए पीड़ित शिवलोचन ने बताया की दोनों लड़कियों की शादी का रखा गहना रुपया भी जल गया मौके पर जले गहने व तीन लाख रुपए भी जल गए जिसमे चाँदी के आभूषण तो बच गया लेकिन रुपए जल गए दोनों बेटियां अमिता देवी व कविता देवी भी आग की लपट में झुलस गयी इनकी 15 जुलाई को तिलक व 20 जुलाई की बरात थी लेकिन सब कुछ जलने के बाद भोजन व शादी का संकट खड़ा हो गया वही मौके पर परिजनों के परिवारों से किन्नर मुस्कान मौसी ने अपनी टीम के साथ पहुंच कर पीड़ित परिवार की हर सम्भव तत्काल मदद देने को कहा खाने पीने की सामग्री उपलब्ध कराने को कहा शादी में खर्चा भी उठाने की बात कही और उपजिलाधिकारी से भी फोन पर बात कर तत्काल सरकारी मदद करने को कहा है।

## कौशाम्बी में सपा,बसपा,भाजपा समेत 11 प्रत्याशी लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

**8 प्रत्याशी के नामांकन पत्र हुए निरस्त**

**कौशाम्बी।** जिले में लोकसभा चुनाव पांचवें चरण में होना है, जिसको लेकर 3 मई को नामांकन प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है,इस दौरान 19 प्रत्याशियो ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था, शनिवार को जांच प्रक्रिया चल रही थी जिसमें 11 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए वहीं 08 का नामांकन पत्र को प्रशासन ने नामांकन पत्र पूर्ण न होने और समाजवादी पार्टी द्वारा दो प्रत्याशियो के होने के चलते खारिज कर दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार रॉय ने बताया की पर्चा खारिज होने वाले में से सपा के इंद्रजीत सरोज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव हैं, उन्होंने स्वयं और उनके बेटे ने नामांकन पत्र दाखिल किया था जिसमें उनके बेटे पुष्पेन्द्र सरोज का नामांकन वैध पाया गया और इंद्रजीत सरोज का इसीलिए निरस्त कर दिया गया है। वही बाकी बचे 07 नामांकन पत्र जो खारिज किए गए हैं जिनमें से दो दिन से लगातार सोशल मीडिया पर चर्चा में रहे छेदु का नामांकन पर्चा भी खारिज कर दिया गया है, जिसके बाद फिर से सोशल मीडिया पर छेदु चर्चा में आ गए है।पर्चा खारिज होने पर छेदू ने डीएम सीएम और सांसद पर पर्चा खारिज कराने का आरोप लगाया है। पर्चा खारिज होने वाले उम्मीदवारों में इंद्रजीत सरोज मुन्नालाल श्याम जी छेददु मटरू साकेत कुमार भैरव प्रसाद पुष्पेंद्र सिंह इन लोगों का पर्चा खारिज किया गया हैं। नामांकन स्वीकृत होने वाले प्रत्याशियों में पुष्पेंद्र सरोज समाजवादी पार्टी विनोद सोनकर भारतीय जनता पार्टी शुभ नारायण बहुजन समाज पार्टी नरेंद्र कुमार अपना दल कमेरा वादी से राम आसरे मानवतावादी समाज पार्टी रामेश्वर प्रसाद भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से पुष्पेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार, राजेंद्र सोनकर, शैलेंद्र, संजय कुमार निर्दल प्रत्याशी मैदान में हैं।

# 96 घंटे बाद परिजनों ने फौजी का किया अंतिम संस्कार, प्रशासन ने ली राहत की सांस

**फतेहपुर जनपद के खखरेरू थाना क्षेत्र में चार दिन पहले ससुराल में फौजी की संदिग्ध दशा में हुई थी मौत**



**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 11 के फौजी की 1 मई को उसकी ससुराल फतेहपुर के खखरेरू में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी फौजी के पिता और परिजनों ने उसकी पत्नी मानश्री और श्याम सिंह सहित कई लोगों पर साजिश के तहत हत्या का आरोप लगाया और मुकदमा दर्ज कार्यवाही की मांग की थी किंतु थाना पुलिस ने परस्थिति जन साक्ष्य को अवलोकन कर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया था किंतु परिजन हत्या का आरोप लगाते हुए 4 दिन अंतिम संस्कार नहीं किया प्रशासन और फौजी के परिजनों के मध्य कई बार वार्ता हुई प्रशासन ने आश्वासन दिया था कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जो भी तथ्य आयेंगे उस आधार पर धाराएं तरमीम की जाएगी फिर भी परिजन अंतिम संस्कार को राजी नहीं हो रहे थे।मृतक फौजी घनश्याम के पिता हरीलाल ने बताया कि 13 वर्ष पहले उसने अपने फौजी पुत्र घनश्याम की शादी खखरेरू थाना के चिरई गांव निवासी श्याम सिंह की पुत्री मानश्री के साथ की थी उसका पुत्र घनश्याम शादी के बाद गांव यदा कदा आता था लेकिन छुट्टी पर ससुराल में ही रुकता था इस दौरान उसे 2 पुत्री और 1 पुत्र हुआ उसकी पुत्र वधू मानश्री का चाल चलन ठीक नहीं है उसी ने साजिश के तहत घनश्याम की हत्या करवाकर शव को फांसी से लटका दिया था इंसाफ के लिए फौजी के शव का अंतिम संस्कार नही किया था ।वहीं खखरेरू कोतवाल प्रमोद कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिग से मौत आया है संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है।शव 96 घंटे से रखा था शव से बदबू आने लगी थी परिजनों ने नम आंखों से आज 4 मई दोपहर बाद अंतिम संस्कार कर दिया।

### 4 दिन परिजन रखे रहे शव घर पर, सत्ता लोलुप नेताओं ने नहीं जाना हाल

**अझुवा कौशाम्बी।** फौजी घनश्याम की मौत 1, मई को हुई थी पोस्टमार्टम से शव लाकर परिजन 4 मई शाम तक इंसाफ की मांग करते रहे किंतु बड़े बड़े दावे कर अपनी और अपनी सरकार की उपलब्धि का बखान करने वाले एक भी नेता फौजी के परिजनों का हाल खबर लेने नहीं गए।परिजनों को ढांढस बंधाने नगर पंचायत अझुवा के चेयर मैन प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा ही गए ।गमगीन माहौल में फौजी के परिजनों ने मृतक का शव जमीन में दफन कर अंतिम संस्कार कर दिया है।

# एक-एक कर तमाम जातियां को अपमानित करने का सांसद को मिलना चाहिए तमगा

**कौशांबी में भाजपा प्रत्याशी सांसद विनोद सोनकर के वीडियो टन टना टन की अपार सफलता के बाद वैश्य समाज को दलित समाज के खौफ का नसीहत देने का पार्ट-3 लॉन्च**

**पार्ट-4 में कल दोपहर 02:00 बजे जरूर देखिएगा जमीन कब्जाने का सौदागर सांसद के थ्री स्टेप**

**कौशांबी।** भाजपा प्रत्याशी सांसद विनोद सोनकर का एक के बाद एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा। कभी ब्राह्मणों क्षत्रिय बैश्य पर अभद्र टिप्पणी करने के बाद लोकसभा चुनाव से ठीक पहले प्रबुद्धजनों से माफी मांगने वाले भाजपा प्रत्याशी सांसद विनोद सोनकर अब वैश्य समाज को दलित समाज के खौफ का नसीहत देकर अवैध कमाई का अपना जरिया बना रहे है। संसद का वीडियो टन टना टन के आपार सफलता के बाद भाजपा प्रत्याशी सांसद विनोद सोनकर पार्ट-3 सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उनकी खासी फजीहत हो रही है। इस वायरल वीडियो में विनोद सोनकर वैश्य समाज के एक पीड़ित व्यक्ति को पहले पासी, खटिक, चमार, पासी, मल्लाह के नाम का धौंस दे रहे है। वह अवैध कमाई के लिए वैश्य समाज को नसीहत दे रहें है कि जहाँ खटिक, चमार, पासी, मल्लाह जमीन पर काबिज हो वहां भूल के मत जाना। उनके पास खोने का कुछ भी नही है वह कुछ भी कर सकते हैं उतनी ही जमीन है। ऐसी कुछ जातियां हैं उनके पास कुछ खोने का है ही नही। अगर उनसे भिड़ोगे तो वह जेल जाने के लिए भी तैयार हैं। उनको लगेगा चलो इसी बहाने उन्हें जेल में फ्री खाना खाने को मिलेगा। इससे जुड़े पार्ट-4 कल दोपहर 02:00 बजे लॉन्च होगा। बहरहाल इस वीडियो के सामने आने के बाद एक तरफ जहां विपक्ष को बड़ा मुद्दा मिल गया है तो वहीं दूसरी ओर जिले में वैश्य समाज के लोग भाजपा प्रत्याशी सांसद विनोद सोनकर से बेहद नाराज है। ऐसे में अब सवाल यह है कि ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य समाज पर अभद्र टिप्पणी के बाद प्रबुद्धजनों से मांफी मांगने वाले विनोद सोनकर क्या अब वैश्य समाज से भी माफी मांगेंगे। यकीन मानिए यदि ऐसा हुआ तो फिर उन्हें माफीबीर का तमगा भी मिलना चाहिए।

### सरकारी तालाब से मिट्टी खुदाई कर रहे लोगों का वीडियो बनाने पर जमकर कूटा

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र में सरकारी तालाब से बेखौफ तरीके से मिट्टी की खुदाई हो रही है लेखपाल से लेकर तहसीलदार तक सरकारी तालाब की मिट्टी खुदाई पर रोक नही लग पा रहे है मिट्टी खुदाई को लेकर शुक्रवार की रात्रि दो पक्ष में मारपीट हो गई है जिससे दोनों पक्ष को चोट आई है कुलदीप वर्मा पुत्र शिवलाल वर्मा निवासी चरवा का कहना है कि वह आपने एक अन्य साथी के साथ बाइक से कहीं जा रहे थे देखा कि मीरन पर के सरकारी तालाब में जेसीबी मशीन से कुछ लोग मिट्टी की खुदाई कर रहे हैं और आठ दस ट्रैक्टर लगाकर तालाब की मिट्टी बाहर भेज रहे हैं जिस पर उन्होंने अधिकारियों को वीडियो देने के लिए मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू कर दिया इस बात की जानकारी जेसीबी से मिट्टी की खुदाई कर रहे लोगों को लग गई और वीडियो बना रहे कुलदीप वर्मा को जेसीबी संचालक बजरंग राजू नरेश ने बेरहमी से पीट कूट दिया है बीच बचाव करने सचिन पहुंचा तो उसे भी मारपीट दिया गया है जिससे दोनों को गंभीर चोटें आई हैं मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है बताया जाता है कि थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। दूसरे पक्ष के राजू ने भी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कुलदीप वर्मा ने इसके पहले भी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी थी और उनका ड्राइवर जेसीबी लेकर जा रहा था जिस पर कुलदीप वर्मा ने अपने साथियों के साथ मिलकर जेसीबी को रोक लिया है और ड्राइवर सहित उसमें मौजूद अन्य लोगों के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया है।

## सेंध लगाकर किसान की गृहस्थी खंगाल ले गए चोर

**पांच हजार रूपए नकदी के साथ करीब दो लाख रुपए कीमत के सोने चांदी के गहने, बर्तन आदि उठा ले गए चोर**

**अझुवा कौशांबी** पइंसा कोतवाली के खाडेपुर गांव में शुक्रवार की रात बेखौफ चोर किसान का घर खंगाल ले गए। दरवाजे के बगल में सेंधमारी कर नकदी समेत करीब दो लाख कीमत के सोने चांदी के गहने पार कर दिया। घटना की जानकारी पीड़ित परिवार को सुबह हुई।घर का बिखरा सामान देख परिजन सन्न रह गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका-मुआयना करते हुए तहरीर लेकर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। खाडेपुर निवासी रामअभिलाष उर्फ बराती लाल शुक्रवार की रात दावत से घर आने के बाद बरामदे में चारपाई डालकर सो गए। परिवार के अन्य लोग छत पर सो रहे थे। आधी रात दरवाजे के बगल में सेंध लगाकर भीतर घुसे चोरों ने बक्से का ताला तोड़कर पांच हजार रूपए नकदी के साथ करीब दो लाख रुपए कीमत के सोने चांदी के गहने, बर्तन आदि पार कर दिया। घटना की जानकारी पीड़ित परिवार को सुबह हुई। पड़ोसी के घर चोरी की भनक लगते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका-मुआयना करते हुए पीड़ित से तहरीर लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पड़ोसी के घर हुई चोरी की वारदात के बाद से गांव के लोग सहमे हुए है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की गश्त नहीं होने से चोरों के हौशले बुलंद है। जिसके चलते वह मकान व दुकान खंगाल रहे है।

## चोरी की घटना का खुलासा न होने पर आईजी से मिला पीड़ित परिवार

**कौशांबी** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के छोगरियन का पुरा निवासी रूपेंद्र पांडे पुत्र राम विशाल पांडे के घर 21अप्रैल को हुई चोरी की घटना का 13 दिन बाद भी खुलासा न होने पर पीड़ित परिवार आईजी जोन प्रयागराज को प्रार्थना पत्र देकर घटना के खुलासे की मांग की है विवेचना को एसओजी प्रभारी कौशांबी को देने के लिए अवगत कराया जिससे की चोरी का खुलासा हो सके।

## न्यूज झरोखा

### ड्यूटी जा रहा सफाई कर्मी सड़क दुर्घटना में घायल



**कौशाम्बी।** जिला अस्पताल में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात सागर पुत्र राजेंद्र निवासी सिराथू जिला अस्पताल में अपनी ड्यूटी पर बाइक से शनिवार की सुबह जा रहे थे जैसे ही वह सैनी कोतवाली के करनपुर चौराहा के पास पहुँचे तेज गति ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दिया जिससे बाइक समेत वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए हैं आनन फानन में मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी मौके में पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस के द्वारा घायल को सीएचसी सिराथू में भर्ती कराया गया जहां स्थित गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने जिला अस्पताल में रेफर कर दिया है बताया जाता है कि सफाई कर्मचारी सागर वार्ड नंबर 8 सिराथू के रहने वाले हैं मामले की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी पहुंच गए हैं।

### विद्यालय में दिलाई गई मतदाता जागरूकता शपथ




**कौशाम्बी।** सरसावा ब्लाक के ग्राम सभा अलवारा में उच्च प्राथमिक विद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत छात्र छात्राओं को शपथ दिलाया गया जिसमें प्रधानाध्यापक रामकुमार त्रिपाठी ने सभी लोगों से मतदान करने का आह्वान किया जो लोग 18 साल उम्र के हो चुके हैं और मतदाता सूची में नाम है वह हर काम छोड़कर मतदान जरूर करें इस अवसर पर सहायक अध्यापक दीपक सिंह एवं सहायक अध्यापक रोहित लाल एवं रसोईया उपस्थित रहे।

### महामाया राजकीय महाविद्यालय में ऑन लाइन पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित



**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय में दिनांक 03 मई को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत् मतदान हेतु प्रेरित करने और मतदान के महत्व को उजागर हेतु महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के मध्य"मतदान हमारा अधिकार"विषय पर ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार ने छात्र/ छात्राओं को मतदान के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि देश के नागरिक होने नाते हमारा दायित्व है कि हम मतदान अवश्य करें,ये हमारा अधिकार है। और हम अपने अधिकारों का उचित प्रयोग कर देश के लिए एक उचित सरकार बनाने में अपना सहयोग दें ताकि देश के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण हो सके। प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय की रेंजर प्रभारी डॉ रीता दयाल ने किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ नीलम बाजपेई, डॉ भावना केशरवानी,एवम डॉ रमेश चन्द्रा शामिल रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कृतिका बीएससी तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान गुंजन देवी बीए तृतीय वर्ष , तृतीय स्थान मुस्कान बीएससी प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया।

### सरदार रिजवी और आदिल जाफरी बने कांग्रेस जिला प्रभारी

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत चरवा स्थित कैम्प कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गौरव पांडे ने की। उन्होंने बताया कि ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी माइनॉरिटी डिपार्टमेंट ने 50 लोकसभा से सरदार हुसैन रिजवी और आदिल जाफरी को जिला प्रभारी बनाया है। इनके प्रभारी बनने से कांग्रेसियों में खुशी की लहर दौड़ गई। राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर और उत्तर प्रदेश प्रभारी शाकिर अली ने पत्र के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि चैयरमैन माइनॉरिटी सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के निर्देश पर सरदार हुसैन रिजवी और आदिल जाफरी को एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलाध्यक्ष गौरव पांडे ने बताया कि इनके जिला प्रभारी बनने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। पूर्व जिलाध्यक्ष तलत अजीम ने भी इनके जिला प्रभारी बनने पर शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद दिया है। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र तिवारी, शिव मूरत तिवारी, देवेश श्रीवास्तव, राम बहादुर त्रिपाठी, सत्येन्द्र प्रताप सिंह, कौशलेश द्विवेदी, शकील अब्बास रिजवी,आशीष कुमार उर्फ पप्पू मिश्रा, कालका सिंह, मोहम्मद नसीम,असगर मदनी, मोहम्मद शफीक, सईद अहमद,रामसूरत गौतम,सरफराज सिद्दीकी,अलक्मा उस्मानी,अमित द्विवेदी, मुश्ताक अहमद, शशि तिरपाठी,उदय यादव सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अनियंत्रित ट्रेलर घर में घुसा घर के अंदर रहे आधा दर्जन लोग घायल

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पश्चिम शरीरा कस्बे में शुक्रवार की रात लगभग 10:00 बजे एक अनियंत्रित ट्रेलर शत्रुघन तिवारी के घर के भीतर घुस गया है जिससे घर में मौजूद शत्रुघ्न तिवारी 65 वर्ष मालती देवी 60 वर्ष शिव बाबू 35 वर्ष नीलम देवी 30 वर्ष शुभ तिवारी 10 वर्ष नन्हा चार वर्ष सहित कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं दुर्घटना में एक पैटिना बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है घर का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया है मामले की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने मकान के मालवा को हटाकर घायल लोगों को बाहर निकाला है और इलाज के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा है जहां कई लोगों की हालत गंभीर बताई जाती है मौके पर पश्चिम सरीरा पुलिस सहित सैकड़ो ग्रामीण राहत बचाव कार्य में लगे रहे दर्दनाक हादसा तेज रफ्तार का नतीजा है हादसे में ट्रेलर चालक अंकित पुत्र धीरेंद्र निवासी मुलायमपुर भखन्दा थाना सराय अकिल और ट्रेलर के खलासी घायल हो गए हैं आक्रोशित ग्रामीणों ने चालक और खलासी को पीट दिया है हादसे में घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जनता का आक्रोश तेजी से है।

### मृतक की बंदूक लेकर रौब झाड़ रहे परिवार के लोग

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के चरवा खुर्द में डेढ़ साल पहले मृतक व्यक्ति की लाइसेंसी बंदूक को लेकर उसके परिवार के लोग रौब झाड़ रहे हैं मृतक की मौत के डेढ़ साल बाद भी बंदूक चरवा थाने में नहीं जमा की गई है दो दिन पहले मृतक की बंदूक लेकर परिवार की एक महिला को दौड़ाया गया था महिला के दौड़ाने के बाद मृतक की बंदूक का मामला सुर्खियों में आया है मामले में थानेदार से भी चर्चा हुई है उन्होंने कहा मामले की वह जांच करते हैं इस समय लोकसभा का चुनाव चल रहा है और पुलिस बंदूक व अन्य असलहा थाने में जमा करवा रही है लेकिन मृतक की बंदूक थाने में नहीं जमा हो सकी है बीट के सिपाहियों ने मृतक की बंदूक को जमा करने के लिए उसके परिवार के लोगों को संदेश नहीं दिया है आखिर बीट के सिपाहियों को क्षेत्र में जाने के बाद लाइसेंसी बंदूकधारियों के मौत की जानकारी नहीं हो सकी यह बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है डेढ़ वर्ष बीत गए हैं लेकिन बंदूक जमा कराने का प्रयास नहीं हुआ है यदि मृतक की बंदूक से किसी प्रकार की वारदात को अंजाम दिया गया और वारदात को अंजाम देने वाले ने बंदूक इधर-उधर फेंक दी तो क्या मृतक के नाम भी मुकदमा दर्ज होगा।

# भाजपा प्रत्याशी सांसद विनोद सोनकर का मंच कार्यक्रम में मुर्दाबाद मुर्दाबाद से हो रहा स्वागत

**सुरक्षा कर्मियों के बल पर मतदाताओं की आवाज दबाने का भरसक किया जा रहा है प्रयास**

**भाजपा के आक्रोशित मतदाता के पार्टी के विरोध में मुर्दाबाद से भारतीय जनता पार्टी की जमकर हो रही है छीछालेदर**

**कौशांबी।** भारतीय जनता पार्टी ने सांसद विनोद सोनकर को कौशांबी लोकसभा से फिर से टिकट देकर लोकसभा प्रत्याशी घोषित किया है लेकिन लोकसभा क्षेत्र में जगह-जगह पर सांसद विनोद सोनकर से मतदाता नाराज हैं मंच सभा कार्यक्रम के दौरान बार-बार सांसद विनोद सोनकर मुर्दाबाद के नारे मतदाताओं द्वारा लगाया जा रहा है कार्यक्रम में पहुंचने पर बार-बार सांसद विनोद सोनकर से आमजनता सवाल पूछ रही थी कि अभी तक 10 साल से कहां थे विनोद सोनकर के कार्यक्रम में मतदाता सांसद की बात सुनने को तैयार नहीं है सांसद के रवैया के चलते मतदाताओं में खासा आक्रोश है जिस तरह से कौशांबी लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर के मुर्दाबाद मुर्दाबाद के नारे लगाकर भाजपा का आक्रोशित मतदाता पार्टी का विरोध कर रहा है इससे भारतीय जनता पार्टी की जमकर छीछालेदर हो रही है सिराथू क्षेत्र के ग्राम पंचायत कनवार में शनिवार को भाजपा प्रत्याशी सांसद विनोद सोनकर का मंच कार्यक्रम आयोजित था जैसे ही सांसद कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित लोगों ने विनोद सोनकर मुर्दाबाद मुर्दाबाद का नारा लगाना शुरू कर दिया मुर्दाबाद मुर्दाबाद का नारा लगाने वाले मतदाताओं को सुरक्षा कर्मियों ने पकड़ने का प्रयास किया लेकिन मुर्दाबाद का नारा लगाने वाले लोग विनोद सोनकर मुर्दाबाद मुर्दाबाद का नारा लगाते रहे बाद में सुरक्षा कर्मियों ने नारा लगाने वालों को बलपूर्वक पकड़ लिया है अब सवाल उठता है कि क्या पुलिस बल के सहारे मतदाताओं की आवाज सांसद विनोद सोनकर द्वारा दवाई जाएगी जिस तरह से मतदाताओं की आवाज दबाने का प्रयास भाजपा सांसद के कार्यक्रम में हो रहा है इससे तो तानाशाह की एक बार याद फिर ताजा हो गई है

कनवार गांव के कार्यक्रम में सांसद विनोद सोनकर मुर्दाबाद मुर्दाबाद के नारे लगाए जाने के बाद पूरे कार्यक्रम में खलबली मच गई इसके पहले दारानगर में भी विनोद सोनकर को व्यापारियों की सभा में फजीहत झेलने को मिली थी मंझनपुर मुख्यालय में भी कार्यक्रम के दौरान जब मतदाताओं ने सवाल पूछना शुरू किया तो माइक फेंककर सांसद विनोद कार्यक्रम स्थल से चले गए हैं इसके अलावा भी कई कार्यक्रम में विनोद सोनकर की जमकर फजीहत हो चुकी है विनोद सोनकर के कई वीडियो वायरल हो चुके हैं जिसमे विनोद सोनकर अलग-अलग जातियों के बारे में अलग-अलग तरह की बात कर लोगों को अपमानित कर रहे हैं जिससे मतदाताओं में खासा आक्रोश व्याप्त है ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य की जातियों पर सांसद विनोद सोनकर ने उन्हें धर्म परिवर्तन करने वाला कहकर कुठाराघात किया है तो वही खटीक पासी जाति के लोगों से संबंधित भी एक वीडियो वायरल हुआ है जिससे भाजपा प्रत्याशी सांसद विनोद सोनकर की फजीहत हो रही है ।

# इंडिया गठबंधन की समन्वय बैठक चरवा में हुई सम्पन्न




**कौशाम्बी।** इंडिया गठबंधन की समन्वय बैठक शनिवार को चरवा में हुई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय उपास्थित रहे । बैठक को मुख्यातिथि ने कांग्रेस एवं सपा के कार्यकर्ताओं को जीत का पाठ पढ़ाया । बैठक में उपस्थित समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष दयाशंकर यादव ने समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को चुनाव में पूरी तरह से जुट जाने का विश्वास दिलाया । कार्यक्रम के आयोजक एवं कौशाम्बी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गौरव पांडेय ने विश्वास दिलाया कि कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी के साथ है। बैठक को संबोधित करते हुए चायल विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं कौशाम्बी कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष तलत अज़ीम ने कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को ऐतिहासिक विजय हासिल करेगी बैठक को समाजवादी पार्टी तथा कांग्रेस पार्टी के अन्य नेताओं ने संबोधित करते हुए पुष्पेंद्र सरोज की जीत का विश्वास दिलाया । बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडेय , कौशाम्बी के प्रभारी राजेश तिवारी , प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा , प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी , शिव पांडेय , प्रदेश महासचिव राम किशुन पटेल , प्रदेश सचिव राजेश साहनी , लोकसभा कोऑर्डिनेटर राजेश राकेश , राम बहादुर त्रिपाठी , राजेन्द्र त्रिपाठी , मॉडल बार एसोसिएशन के महामंत्री लक्ष्मीकांत त्रिपाठी , चायल तहसील बार एसोसिएशन के महामंत्री राजेश्वर यादव , सगीर अहमद एडवोकेट, महेंद्र गौतम , सत्येंद्र प्रताप सिंह , आशीष मिश्रा पप्पू , कौशलेश द्विवेदी , अशोक द्विवेदी , देवेश श्रीवास्तव , कुलदीप शुक्ला , अलकमा उस्मानी , शशि प्रताप त्रिपाठी , युगल किशोर त्रिपाठी , नैयर रिज़वी , डॉ आर के मिश्रा , विनोद चौधरी , श्याममूर्ति तिवारी , चंद्रजीत यादव , मो0 फरमान , विजमा केशरवानी , आम आदमी की प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गौतम , रन्नो यादव , संगीता सरोज , राजनारायण पासी , नागेश कुमार , संगम लाल प्रधान , सर्वदानंद , तीरथ सिंह यादव , सुरेंद्र शुक्ला , दीपक पांडेय , सचिन पांडेय , योगेश यादव , सरफराज अहमद , श्रवण यादव , सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## संपादक की कलम से

### प्रधानमंत्री मोदी का विकसित भारत का रोडमैप और मिशन 400 का लक्ष्य पाने का आत्मविश्वास

आगामी लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया प्रारम्भ होने में अब गिनती के दिन बचे हैं,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत के रोडमैप के साथ पूरी तरह चुनावी मोड में हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरी तरह आश्वस्त हैं कि उनके पिछले दो कार्यकाल की उपलब्धियों को देखते हुए एक बार फिर भी मोदी सरकार का आना तय है और यही कारण है कि उनके नेतृत्व में मंत्रिपरिषद की अंतिम बैठक में 2047 तक विकसित भारत बनाने के विजन पर चर्चा की गयी।

इस बैठक में न सिर्फ वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के दृष्टिपत्र पर चर्चा की गयी अपितु मई 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के कार्यकाल के पहले सौ दिन के एजेंडे पर भी विचार विमर्श हुआ। कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री ने जहाँ फिर से सरकार बनने का विश्वास जताया वहीं उन्होंने यह भी कहा कि मोदी सरकार के पहले 100 दिन का समय हनीमून पीरियड नही होता अपितु ठोस कार्य करने का समय होता है। प्रधानमंत्री ने बैठक में अपने सभी मंत्रियों को विवादित बयानबाजी न करने और डीपफेक वीडियो से बचने की सलाह दी और कहा कि बोलते समय केवल अपनी सरकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर ही फोकस रखें।

कैबिनेट की बैठक के बाद प्रधानमंत्री राज्यों के तूफानी चुनावी दौरों पर निकल चुके हैं और सभी प्रान्तों में हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आक्रामक तेवर में हैं और जहाँ भी जा रहे हैं वहाँ भ्रष्टाचार परिवारवाद व घोटालों सहित अनेकानेक मुददों को उठाकर विरोधियों की धार कुंद करने व उन्हें अपने ही राज्य में घेरने का काम रहे हैं।

पश्चिम बंगाल के दौरे में अपनी चुनावी जनसभाओं में उन्होंने संदेशखाली का मुद्दा जोरदार ढंग से उठाकर ममता बनर्जी की आवाज को कमजोर करने का सफल प्रयास किया और अब ऐसा लग रहा है कि संदेशखाली बंगाल ही नहीं अपितु संपूर्ण भारत में भी विपक्ष के लिए कठिन समस्या बनने जा रहा है क्योंकि विपक्ष के एक भी नेता ने मुस्लिम वोट खिसकने के डर से संदेशखाली की घटना की निंदा तक नहीं की। संदेशखाली में हिन्दू महिलाओं के साथ हुई त्रासदी पर विपक्षी दलों के नेताओं की आपराधिक चुप्पी कोई साधारण बात नहीं है। यह वही विपक्ष है जो मणिपुर की घटना पर संसद को ठप कर देता है और हाथरस की एक आपराधिक वारदात के लिए वहां की दौड़ लगा देता है किंतु जब संदेशखाली में शाहजहां शेख व उसके गुर्गे पिछड़ी जाति की हिंदू महिलाओं के साथ निकृष्टतम अमानवीय अपराध करते हैं तब यह लोग चुप्पी साध लेते हैं क्योंकि शाहजहाँ शेख मुसलमान है और पीड़ित हिंदू महिला समाज उनका वोटबैक नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विरोधी दलों के नेताओं की इसी विकृत राजनीति को पूरे जोर से उठा रहे हैं।

आक्रामक चुनावी तैयारियों के बीच भारतीय जनता पार्टी ने अपना 400 पार का मिशन प्राप्त करने के लिए 195 उम्मीदवारों की घोषणा करके विरोधी दलों पर एक मनावैज्ञानिक बढ़त बना ली है हालांकि बंगाल के आसनसोल से भेजपुरी गायक पवन सिंह ने टिकट वापस कर और दिल्ली में डॉ. हर्षवधन ने राजनीति से सन्यास लेकर भाजपा नेतृत्व को कुछ परेशान जरूर किया है किंतु समय रहते इस प्रकार की छुटपुट घटनाएं घटित हो जाने से फिलहाल भाजपा को मिशन 370 पार और एनडीए 400 पार का मिशन पूरा करने में कोई समस्या नहीं आने जा रही है।

भाजपा ने अपने मिशन को पूरा करने के लिए ही समय से पूर्व टिकट वितरण किया है। भाजपा की195 उम्मीदवारों की सूची जारी करने का यह कदम उसके आत्मविश्वास को दशार्ता है क्योंकि उसने उत्तर प्रदेश जैसे कई राज्यों में कई सांसदो को दोबारा टिकट दिया है और 34 केंद्रीय मंत्रियों को भी फिर से टिकट मिला है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में जहां भाजपा ने अभी केवल 51 उम्मीदवारों की ही घोषणा की है वहां रामलहर और मोदी जी की गारंटी के चलते 44 वर्तमान सांसदों को टिकट दिया गया है वहीं दूसरे दलों से आये कुछ नेताओं को भी टिकट दिया है जिसमें बसपा सांसद रितेश पांडेय का नाम प्रमुख है। भाजपा की पहली सूची में ऐसे कई सांसदों के टिकट काटे भी गये हैं जो किसी कारणवश विवादित रहे और नेतृत्व को परेशान किया। जिन सांसदों का टिकट काटा गया उसमें भोपाल की सांसद प्रज्ञा ठाकुर भी हैं जिन्होंने अपनी बयानबाजी में गोडसे को महिमामंडित करने का प्रयास किया था और विवाद बढ़ जाने के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हस्तक्षेप करना पड़ गया था। वहीं डा. हर्षवर्धन कोविड काल में कुछ कठिन परिस्थितियों का ठीक से प्रबंधन नहीं कर पाये थे और वह राजनीतिक रूप से भी अत्यंत सक्रिय भी नहीं रहे थे। उधर गौतम गंभीर आयर जयंत सिन्हा ने चुनावी राजनीति से अलग रहने की बात कही है। भाजपा के टिकट वितरण से यह साफ हो गया है कि अब केवल उन्ही सांसदों व विधायकों को टिकट मिलेगा जो दल की विचारधारा के प्रति पूरी तरह से समर्पित रहेंगे और सड़क से संसद तक संपूर्ण सक्रियता दिखायेंगे। जिन लोगों को टिकट नहीं मिला या नहीं मिलेगा उसमें से अधिकांश सांसदों ने कई बार पार्टी की विचारधारा के विपरीत जाकर कार्य किया है और अनुशासन तोड़ा है जिसमें उत्तर प्रदेश से श्रीमती मेनका गांधी और वरुण गांधी सहित ब्रजभूषण शरण सिंह जैसे कद्दावर सांसद शामिल हैं।

## कचरे से खिलौने बनाकर विज्ञान पढ़ाना

**– बाबा मायाराम**

बच्चों को हाथ से काम करना चाहिए, तरह–तरह के कौशल सीखने चाहिए। इससे पढ़ाई मजेदार हो जाएगी। उनका मानना है कि बच्चों को माता–पिता सभी प्रकार की गतिविधियां करने और उन्हें रूचि के स्थानों पर ले जाने में अधिक समय बिताना चाहिए और उन्हें घरेलू कामों खाना बनाना, मरम्मत करना और खरीदारी इत्यादि में शामिल करना चाहिए, जिससे वे जीवन शिक्षा भी सीख सकें। वे कहते हैं कि आप केवल मूर्खतापूर्ण खिलौने ही खरीद सकते हैं, चतुर खिलौने हाथों से बनाएं जाते हैं।

इन दिनों बच्चों की परीक्षाएं चल रही हैं। कुछ परीक्षाओं के नतीजे भी आ गए हैं। परीक्षा में अच्छे परिणाम नहीं आने से बच्चों के तनावग्रस्त होने व परेशान होने की खबरें भी आई हैं। यह हर साल की बात है। लेकिन मैं आज ऐसी हस्ती के बारे में बताने जा रहा हूं, जिसने विज्ञान व गणित को मजे से सिखाने की कोशिश की है। यही वे विषय हैं, जिनमें बच्चे प्राय: पिछड़ जाते हैं।

कुछ समय पहले मैं महाराष्ट्र के पुणे में था। यहां मेरी रूचि अरविंद गुप्ता से मिलने में थी और उनसे मैंने मिलना भी सुनिश्चित कर लिया था। टॉय मेकर के नाम से ख्यात अरविंद गुप्ता ने विज्ञान के प्रचार–प्रसार के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्हें भारत सरकार ने साल 2018 में पद्मश्री से भी सम्मानित किया है।

जब मैं उनके पुणे स्थित निवास पर पहुंचा तो उस समय बारिश हो रही थी। वे सड़क तक छाता लेकर मुझे लेने के लिए आए थे। यह पहली बार नहीं था, जब मैं उनसे मिलने जा रहा था। हम पहले भी कई बार मिल चुके हैं, लेकिन इसे सालों गुजर गए।

यह 80 के दशक की बात है, जब वे मध्यप्रदेश के होशंगाबाद ( अब नर्मदापुरम) जिले में स्थित किशोर भारती संस्था में माध्यमिक स्तर के बच्चों के लिए विज्ञान की नई किताबें तैयार करने में जुटे थे। किशोर भारती ने होशंगाबाद विज्ञान शिक्षण कार्यक्रम चलाया था, जिसके तहत शासकीय माध्यमिक स्कूलों के लिए विज्ञान की किताबें बनाई जा रही थीं। कक्षा 6 वीं से लेकर 8 वीं तक पाठ्यक्रम तैयार किया जा रहा है। इन किताबों के पिछले पृष्ठ पर लिखा रहता था– मैंने सुना, भूल गया, मैंने देखा, याद रहा, मैंने करके देखा, समझ गया। यह विज्ञान शिक्षण की सीख थी।लेकिन इस बीच मेरा उनसे संपर्क बना रहा। पहले पत्राचार के माध्यम से कभी–कभार और जब ईमेल आया तो नियमित संपर्क होने लगा। उन्होंने मुझे बहुत सारी किताबें पढ़ने दीं और नए व प्रेरणादायक साहित्य से परिचय करवाया। उनका एक काम, हर महीने देश–विदेश के अच्छे बाल साहित्य का अनुवाद करना भी है।

अरविन्द गुप्ता ने कानपुर आईआईटी से इंजीनियरिंग से बी टेक किया है। शुरू में उन्होंने पुणे में टाटा मोटर्स में काम किया, लेकिन वहां उनका मन नहीं लगा। कुछ समय उन्होंने ब्रिटिश मूल के वास्तुकार लॉरी बेकर के साथ भी काम किया। लॉरी बेकर महात्मा गांधी से प्रभावित होकर भारत में बस गए थे और उन्होंने घर बनाने के लिए सस्ती स्थानीय सामग्री को बढ़ावा दिया और टिकाऊ घर बनाए।

साल 1978 में अरविंद गुप्ता होशंगाबाद जिले के एक गांव में आए, जहां किशोर भारती संस्था के होशंगाबाद विज्ञान शिक्षण कार्यक्रम से जुड़कर उन्होंने काम किया। इस दौरान उन्होंने विज्ञान के कई प्रयोग किए। किशोर भारती से पास से 7 किलोमीटर दूर एक छोटा कस्बा बनखेड़ी है। वहां शुक्रवार को साप्ताहिक हाट लगता है। सड़क के किनारे फुटपाथ पर दुकानें लगती हैं। वहां से वे छोटी–मोटी सस्ती चीजें खरीदकर लाते थे और उनसे खिलौने बनाते थे और उसके पीछे के विज्ञान को बच्चों को समझाते थे।

साइकिल के पहिए में लगने वाली वाल्व ट्यूब, माचिस की तीली, कचरे में पड़ा वायर या बोतल, झाडू की सींक जैसे सामानों से वे खिलौने बनाते थे। उन्हें इस काम में टेल्को में ट्रक डिजाइन करने से ज्यादा मजा आया।

# हंसी ही दुनिया को एकजुट करने में सक्षम

**– ललित गर्ग–**



विश्व हास्य दिवस एक उपहार है एवं बिना खर्च के खुशियाँ मनाने एवं हंसकर तनाव दूर करने का विलक्षण एवं अद्भुत दिन है। यह हमें एकजुट करता है, जीवन को बेहतर बनाता है। मई महीने के पहले रविवार को मनाये जाने वाला यह दिन हंसने-हंसाने के बहुत सारे अवसर प्रदत्त कर अच्छे स्वास्थ्य, मानसिक शांति एवं समग्र विकास को सुनिश्चित करता है। हंसने-हंसाने से तन-मन में उत्साह का संचार होता है, वहीं दिल से हंसना भी किसी दवा से कम नहीं है। अध्ययन के मुताबिक, जो लोग अक्सर हंसते हैं वे अधिक समय तक जीवित रहते हैं, बेहतर, समृद्ध और खुश रहते हैं साथ ही उनकी ऊर्जा भी काफी सकारात्मक होती है। दूसरे आप पर हंसकर आपको दुःखी करें, तनाव दें, उससे पहले खुद पर हंसना सीखें। आप खुद अपनी कमियों पर हंसकर उसे अवसर के रूप में देखें। ज्यादातर लोग दूसरों की हंसी को काफी गंभीरता से लेते हैं और दुखी हो जाते हैं। जबकि खुद पर हंसना आपको अधिक संवेदनशील, जुझारू, जीवट वाला, स्वस्थ और अधिक प्रामाणिक होने में सक्षम बनाता है।

विश्व हास्य दिवस मुस्कुराने का बहाना ही नहीं, एक प्रेरणा एवं जिजीविषा है। इस दिन को अमल में लाने का क्रेडिट हास्य योग आंदोलन के संस्थापक डॉ. मदन कटारिया को जाता है। जिन्होंने ही मुंबई में पहली बार 11 जनवरी 1998 को विश्व हास्य दिवस को मनाया था। जिसका खास उद्देश्य समाज में बढ़ते तनाव, अशांति, चिन्ता एवं परेशानियों को कम करके उन्हें सुखी जीवन जीने की सीख देना था। क्योंकि हँसना सभी के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं बौद्धिक विकास में अत्यंत सहायक है। हंसी हमारे जीवन की सफलता की चाबी है, वह अनेक समस्याओं का समाधान भी है। हंसी दुखी दिल के घावों को भरने वाला मलहम है। हमारे चेहरे का व्यायाम है और मन का आराम। शोध कहते हैं कि जैसे-जैसे हम बड़े हो रहे हैं, हमारा हंसना कम हो रहा है। इसी पर लेखक मिशेल प्रिटचार्ड कहती हैं, ह्यहम इसलिए कम नहीं हंसते कि हम बूढ़े हो गए हैं। हम बूढ़े ही इसलिए हुए कि हमने हंसना बंद कर दिया है।ह्न

आज का इंसान अपनी मुस्कुराहट व हँसी को भूलता जा रहा है, फलस्वरूप तनावजन्य बीमारियाँ, जैसे- उच्च रक्तचाप, शुगर, माइग्रेन, हिस्टीरिया, पागलपन, डिप्रेशन आदि को निमंत्रण दे रहा है। हँसने से ऊर्जा और ऑक्सीजन का संचार अधिक होता है। शरीर में से दूषित वायु बाहर निकल जाती है। हमेशा खुलकर हँसना शरीर के सभी अवयवों को ताकतवर और पुष्ट करता है। साथ ही शरीर में रक्त संचार की गति को बढ़ाता है। इसके अलावा पाचन तंत्र अधिक कुशलता से कार्य करता है। इसलिये डॉक्टर भी हर बीमारी के रोगी के लिये हास्य को उपयोगी बताते हैं। जो लोग हमें हंसाते हैं, वे हमारी स्मृतियों में रच-बस जाते हैं। हम किसी को पसंद या नापसंद कई कारणों से कर सकते हैं। पर लंबे समय तक हमारे प्रेम के हकदार वे लोग बनते हैं, जो हमें हंसाते हैं और हमारे चेहरे की हंसी बन जाते हैं। शायद इसीलिए विक्टर बोर्ग कहते हैं, ह्यहंसी दो लोगों के बीच की दूरी को पार करने का सबसे छोटा पुल है।ह्न हंसना एक ऐसा बेशकीमती उपहार है, जो कुदरत ने केवल मनुष्य को ही बख्शा है। हास्य एक सार्वभौमिक भाषा है। इसमें जाति, धर्म, रंग, लिंग से परे रहकर मानवता को समन्वय करने की क्षमता है। यह इंसान से इंसान को जोड़ने का उपक्रम है। हंसी विभिन्न समुदायों को जोड़कर नए विश्व का निर्माण करने में सक्षम हैं। यह विचार भले ही काल्पनिक लगता हो, लेकिन लोगों में गहरा विश्वास है कि हंसी ही दुनिया को एकजुट कर सकती है। इसीलिये मार्टिन लूथर ने कहा है कि यदि मुझे स्वर्ग में हंसने की आज्ञा न हो तो मैं स्वर्ग नहीं जाऊंगा।

उदासी और बेचैनियों के बादल छाए रहते हैं, हंसी की धूप खिल नहीं पाती। लेखिका एमिली मिचेल कहती हैं, ह्यहंसी के बिना बीता दिन, अंधेरे में रहने जैसा है, आप अपना रास्ता ढूंढ़ने की कोशिश तो करते हैं, पर उसे साफ-साफ नहीं देख पाते।ह्न हंसना एक ऐसा सकारात्मक भाव एवं ऊर्जा है जो व्यक्ति के न केवल आंतरिक बल्कि बाहरी स्वरूप को प्रभावी, समृद्धिशाली एवं तेजस्वी बनाता है। हास्य एक शक्तिशाली भावना है जिसमें व्यक्ति को ऊजार्वान और संसार को शांतिपूर्ण बनाने की क्षमता हैं। यह व्यक्ति के विद्युत-चुंबकीय क्षेत्र को प्रभावित करता है और व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। जब व्यक्ति समूह में हंसता है तो उसकी हंसी से सकारात्मक ऊर्जा सम्पूर्ण परिवेश में व्याप्त हो जाती है। दुनिया में सुख एवं दुःख दोनों ही धूप-छाँव की भाँति आते-जाते हैं। यदि मनुष्य दोनों परिस्थितियों में हँसमुख रहे तो उसका मन सदैव काबू में रहता है व वह चिंता से बचा रह सकता है। हंसने से आत्मा खिल उठती है। इससे आप तो आनंद पाते ही हैं दूसरों को भी आनंदित करते हैं। हास-परिहास पीड़ा का दुश्मन है, निराशा और चिंता का अचूक इलाज और दुःखों के लिए रामबाण औषधि है। हंसी एक उत्तम टॉनिक का काम करती है। लंदन विश्वविद्यालय की प्रोफेसर सोफी स्कॉट कहती हैं कि, ह्यहंसी के द्वारा हमारा अवचेतन मन ये संकेत देता है कि, हम सुकून में हैं और सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

जापान में भगवान बुद्ध के शिष्य थे होतेई। वह बड़े अलमस्त स्वभाव के भिक्षुक थे। वह बेहद निर्लिप्त और निरपेक्ष भाव से जीवन जीने में विश्वास रखते थे। वह जिस कार्य को करते, उसमें पूरी तरह डूब जाते थे, तन्मय हो जाते। जापान में ऐसी मान्यता है कि एक बार होतेई मेडिटेशन करते-करते इतने रोमांचित हो गए कि ध्यानावस्था में जोर-जोर से हंसने लगे। इस अद्भुत घटना के उपरांत ही लोग उन्हें लाफिंग बुद्धा के नाम से संबोधित करने लगे। घूमना-फिरना, देशाटन करना, लोगों को हंसाना व खुशी प्रदान करना लाफिंग बुद्धा का ध्येय बन गया। चीन में लाफिंग बुद्धा को पुताई के नाम से भी जाना जाता है। चीनी लोग उन्हें एक ऐसे भिक्षुक के नजरिए से देखते हैं, जो एक हाथ में धन-धान्य का थैला लिए, चेहरे पर खिलखिलाहट बिखेरे अपना बड़ा पेट और थुलथुल बदन दिखाकर सभी को हंसाते हुए सकारात्मक ऊर्जा देते हैं। वे समृद्धि व खुशहाली के संदेशवाहक और घरों के वास्तुदोष निवारण के प्रतीक भी माने जाते हैं। जापान जैसे देशों में लोग अपने बच्चों को प्रारंभ से ही हँसते रहने की शिक्षा देते हैं, ताकि उनकी भावी पीढ़ी सक्षम एवं तेजस्वी हो।

दुनिया के अधिकतर देश आतंकवाद, हिंसा, युद्ध एवं महामारियों के डर से सहमे हुए हैं, ऐसे समय विश्व हास्य दिवस की अत्यधिक आवश्यकता महसूस होती है। इससे पहले दुनिया के लोगों में इतनी घबराहट और अशांति कभी नहीं देखी गई। आज हर व्यक्ति के अंदर घबराहट और अशांति का कोहराम मचा हुआ है। ऐसे दौर में केवल हंसी ही दुनियाभर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर सकती है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर टेरीजा एमाबाइल ने कहा है कि, हँसते समय हमारा दिमाग सबसे अधिक क्रिएटिव होता है। हमें न केवल पारिवारिक परिवेश में बल्कि ऑफिस में हंसी-मजाक को बढ़ावा देना चाहिए। ऑफिस का माहौल मेल-जोल और हंसी मजाक वाला हो, जिससे टीम के बीच काम के प्रति उत्साह का संचार हो सके। खूबसूरत चेहरे के लिए हंसना कारगर साबित हो सकता है। हंसने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जिससे व्यक्ति का आत्मविश्वास बढ़ता है। मेडिकल प्रयोगों में पाया गया है कि, 10 मिनट तक हंसते रहने से दो घंटे की गहरी नींद आती है।

हंसने वाले व्यक्तियों के कई सारे मित्र बन जातें हैं और इस प्रकार उनमें भाईचारा और एकता की भावना कब उत्पन्न होती हैं, पता ही नहीं चलता। हर व्यक्ति के जीवन में हड़कंप मचा हुआ है। तब ह्यहास्य दिवसह्न की अत्यधिक आवश्यकता महसूस होती है। इससे पहले इस दुनिया में इतनी अशांति कभी नहीं देखी गई। इस व्यस्त, अशांत एवं तनावग्रस्त जिंदगी में लोग कम से कम एक दिन तो अपने लिए निकालें और जी भरकर हंसे और हंसायें। तभी ओशो ने कहा है कि जब आप हंसने के पश्चात शांत हो जाएंगे तो यह महसूस करेंगे कि, पूरा विश्व, ये पेड़-पौधे, सितारे, पत्थर, पर्वत, सब आपके साथ हंस रहे हैं।

**(ललित गर्ग)**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई पी एक्सटेंसन, पटपड़गंज,**
**दिल्ली-110092**
**फोनः-22727486,**
**मोबाईलः- 9811051133**

# वोट जिहाद से डर गए महाबली

@ राकेश अचल
achalrakesh1959@gmail.com




मजबूरी है 4 जून तक बेतुकी सियासत के साथ आपके साथ बने रहना। बीते रोज कांग्रेस ने गांधी परिवार की पारम्परिक कहें या पुश्तैनी सीट से राहुल गांधी को अपना उम्मीदवार बनाकर भाजपा की मुश्किलें बढ़ा दीं। भाजपा वैसे ही तमाम मुद्दों के हाथ से फिसलने के बाद हलकान है और विपक्ष के पाले में आकर खेलने या खेला करने के लिए विवश है। ऊपर से बकौल भाजपा कांग्रेस के शाहजादे ने एक और तुरुप चल दी। भाजपा राहुल गाँधी को शाहजादा क्यों कहती है ,इसके बारे में शोध की जरूरत है। मुझे तो राहुल किसी भी कोण से शाहजादे नजर नहीं आते। बहरहाल अब भाजपा राहुल को अमेठी से चुनाव न लड़ने के लिए 'रणछोड़' बनाने पर उतारू है। भाजपा जिसे जो चाहे सो बना देती है। उसके पास शायद बंगाल का काला जादू है। भाजपा ने पहले राहुल को 'पप्पू' बनाया, बेचारे राहुल पप्पू बन भी गये। जब पूरा देश पप्पू बन सकता है तो राहुल किस खेत की मूली हैं ? लेकिन ये राहुल ही थे जो अपने ऊपर चस्पा किये गए पप्पू के लेबिल को खींचने में कामयाब रहे और उन्होंने फेंकू के सामने खुद को मुकाबले में ला खड़ा किया। भाजपा की मुसीबत सचमुच राहुल और उनकी कांग्रेस ही है। बाकी दलों से तो भाजपा निबट भी ले किन्तु कांग्रेस से निबटना उसके लिए अभी तक मुमकिन नहीं हुआ। कांग्रेस को निबटने में भाजपा ने अपने बहुमूल्य दस साल बर्बाद कर लिये। इस समय का इस्तेमाल भाजपा अगर देश को बनाने में करती तो मुमकिन है कि आज उसे हांफना न पड़ता। कांग्रेस ने राहुल को रायबरेली से प्रत्याशी बनाकर भाजपा की तमाम रणनीति को नाकाम कर दिया।

आप जानते हैं कि उत्तर प्रदेश को जीते बिना भाजपा का तीसरी बार सत्ता में वापस आने का सपना पूरा नहीं हो सकता। 2019 में भाजपा ने जैसे –तैसे अमेठी से राहुल गांधी को पराजित कर यूपी से बाहर करने में कामयाबी हासिल कर ली थी, लेकिन भाजपा तमाम कसबल के बावजूद रायबरेली से श्रीमती सोनिया गाँधी को नहीं हरा पाई थी। राहुल ने इसीलिए वायनाड से चुनाव लड़ा। भाजपा ने राहुल की सांसदी छीनने के लिए दूसरे हथकंडे भी अपनाये थे, सांसदी छीन भी ली थी किन्तु माननीय बड़ी अदालत आड़े आ गयी। अब राहुल ने उत्तर प्रदेश में दोबारा वापसी दर्ज कराकर भाजपा की नींद हराम कर दी है। राहुल की उत्तर प्रदेश वापसी का मतलब भाजपा की आधी ताकत राहुल को संसद जाने से रोकने में खर्च करना है। भाजपा ने अमेठी से तो राहुल को बेदखल कर दिया था लेकिन रायबरेली से शायद ये मुमकिन न हो। मैंने शायद शब्द का इस्तेमाल किया है, क्योंकि मै किसी भी चीज को असम्भव नहीं मानता, क्योंकि अभी देश में मोदी जी हैं जो कुछ भी मुमकिन कर सकते हैं।

भाजपा कांग्रेस और राहुल से किस कदर परेशान है इसका उदाहरण खुद प्रधानमंत्री मोदी जी के भाषण हैं। मोदी जी ने उत्तर प्रदेश से दूर अपने गृहराज्य गुजरात के टाटा मैदान में कांग्रेस के उस 'वोट जिहाद' को लेकर अपनी चिंता जताई जो पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने चलाने की बात कही थी। खुर्शीद न कांग्रेस हैं और न कोई मौलवी। वे एक जननेता हैं और उन्होंने जिस वोट क्रांति की बात कही है उसे लेकर भाजपा की यानि माननीय प्रधानमंत्री तक की नींद उड़ गयी है। चुनाव प्रचार में हिन्दू–मुसलमान का जुमला उछलने के लिए केंद्रीय चुनाव आयोग के नोटिस की परवाह किये बिना मोदी जी और उनकी पूरी पार्टी देश के बाहुसंख्यक हिन्दुओं को अल्पसंख्यक मुसलमानों से डराने की कोशिश कर रही है। वोट जिहाद ने तो भाजपा को और भयभीत कर दिया है और अब भाजपा ने इसे भी चुनावी मुद्दा बना लिया है। भारतीय जनता पार्टी की ह्यमहा विजय संकल्प सभाह्न को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, ह्यह्यकांग्रेस आपकी संपत्ति वोट जिहाद में शामिल लोगों को बांटना चाहती है लेकिन मोदी सुनिश्चित करेगा कि गरीबों, दलितों और आदिवासियों का देश की संपत्ति पर पहला अधिकार हो। पृथ्वी पर किसी भी ताकत को हमारे संविधान को बदलने या उससे छेड़छाड़ की अनुमति नहीं दी जाएग। सवाल ये है की मोदी ये सब सुनिचित किस हैसियत से करेंगे ? क्या वे भारत के भाग्यविधाता हैं ? क्या उन्हें देश ने तीसरी बार जनादेश दे दिया है ? या उन्होंने खुद जनादेश हड़पने की पूरी तैयारी कर ली है ?ह्न। मोदी जी तीसरी क्या चौथी बार प्रधानमंत्री बनें हमें क्या फर्क पड़ने वाला है, लेकिन उनके दम्भ और उसके पीछे छिपे भय को देखकर मुझे और मेरे जैसे तमाम संवेदनशील लोगों को मोदी जी पर अब दया आने लगी है।

मोदी जी आदिकाल से गांधी परिवार विहीन देश और कांग्रेस विहीन संसद देखना चाहते है। वे देश की अठारहवीं सांसद को अपने सपनों की संसद बनाना चाहते हैं लेकिन बना नहीं पा रहे। संसद के सर्वोच्च सदन में कांग्रेस की प्रमुख श्रीमती सोनिया गाँधी पहले ही पहुँच चुकी है। यानि कम से कम छह साल तक तो कांग्रेस की उपस्थिति संसद में रहना ही है और अब राहुल गांधी भी वायनाड के साथ ही रायबरेली से चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतर चुके हैं। अर्थात राहुल कहीं न कहीं से संसद में प्रवेश पा जायेंगे। ऐसे में न कांग्रेस विहीन भारत बन पायेगा और न कांग्रेस विहीन संसद। मोदी जी को अपना सपना पूरा करने के लिए मुमकिन है कि एक जन्म और लेना पड़े ! राहुल गांधी रणछोड़ हैं या नहीं ये मै नहीं कह सकता। क्योंकि यदि इस तरह की कोई सूची बनाई जाएगी तो भाजपा के आदि पुरुष माननीय श्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी सबसे बड़े रणछोड़ माने जायेंगे। अटल जी तो पूरे जीवन इधर से उधर भागते रहे। यूपी के बलरामपुर से विदिशा, ग्वालियर और लखनऊ तक। उन्होंने 1985 में अपने गृहनगर ग्वालियर से हारने के बाद कभी ग्वालियर की और मुंह नहीं किया। वैसे हम सनातनी हैं। हम अपने इष्ट को भी रणछोड़ के नाम से बुलाते हैं। हमारे रणछोड़ के इलाके से आजकल श्रीमती हेमामालिनी चुनाव लड़ती हैं। इसलिए मेरी दृष्टि में रणछोड़ होना भी बुरी बात नहीं है। रणछोड़ भी रणनीति का ही एक अंग है, जैसे खुद मोदी जी का गुजरात से उत्तर प्रदेश आकर चुनाव लड़ना। मै राहुल को रणछोड़ तब मानता जब वे संसद का चुनाव लड़ने के बजाय पिछले दरवाजे से यानि राज्य सभा के जरिये संसद में प्रवेश करते। लेकिन राहुल ने ऐसा नहीं किया। जाहिर है वे रण में हैं। उन्होंने रण नहीं छोड़ा। उलटे वे भाजपा को रण छोड़ने के लिए विवश कर रहे हैं।

अब देश को यूपी का रण देखना ही पडेगा। देखना पडेगा की यूपी के योगी और मोशा की जोड़ी उत्तर प्रदेश के रणन में कांग्रेस और कथित रूप से कांग्रेस के शाहजादे राहुल गांधी को चित कर पाती है या नहीं ?

## भाजपा के लिए अब आसान नहीं रहा लोकसभा चुनाव

**– लेखा रत्तनानी**

चुनाव के पहले दो चरणों में मतदान उम्मीद से कम रहा है। मतदान के रुझान को समझने के कई तरीके हैं। एक विचार यह है कि भाजपा ने शुरूआत में ही यह जताने के लिए भरपूर प्रयास किया कि वास्तव में कोई मुकाबला ही नहीं है। समृद्ध और अच्छी तरह से वित्त पोषित अभियान व मशीनरी की पूरी ताकत के साथ यह संदेश भेजा गया था। इसलिए भाजपा के मतदाता उत्साहित और तय नहीं थे– जब अंतिम परिणाम यही है तो काम करने का क्या मतलब है?

कई लोगों के मन में इस बात को लेकर थोड़ा ही संदेह रह गया है कि इस लोकसभा चुनाव में बाजी पलट रही है। अब यह उतना आसान नहीं रह गया है जितना भाजपा ने कल्पना की थी। भाजपा को उम्मीद थी कि वह आसानी से सीधे–सीधे तीसरी बार सत्ता में बैठेगी लेकिन अब यह मुश्किल नजर आ रहा है। कई आंकड़े उछाले जा रहे हैं लेकिन उनमें से लगभग सभी भाजपा को 272 के जादुई आंकड़े से कम और कमतर बता रहे हैं। एकमात्र सवाल जो पूछा जा रहा है वह यह है कि पार्टी सरकार बनाने के लिए आवश्यक आधी संख्या से कितनी नीचे जा सकती है। मिल रहे सभी संकेत इस बात की ओर इशारा कर रहे हैं कि सत्ताधारी पार्टी को इस बार भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। भाजपा में जो दृढ़ विश्वास दिखाई दे रहा था वह भाप बन कर उड़ गया सा प्रतीत होता है। ऐसे स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि भाजपा हलकों में कहीं भी 'चार सौ पार' (400 के आंकड़े से अधिक) की कोई चर्चा नहीं है। 'चार सौ पार' भाजपा चुनाव अभियान की पहचान थी क्योंकि इस विश्वास के साथ ही उसने अपना प्रचार शुरू किया था। फिर भी कोई भविष्यवाणी करने में सतर्कता बरतनी चाहिए। अभी पांच चरणों का मतदान और मतगणना में एक महीना बाकी है। कुछ भी हो सकता है। चुनाव की सावधानीपूर्वक निगरानी की आवश्यकता होगी और यह एक थ्रिलर बनने के लिए तैयार है।

चुनाव के पहले दो चरणों में मतदान उम्मीद से कम रहा है। मतदान के रुझान को समझने के कई तरीके हैं। एक विचार यह है कि भाजपा ने शुरूआत में ही यह जताने के लिए भरपूर प्रयास किया कि वास्तव में कोई मुकाबला ही नहीं है। समृद्ध और अच्छी तरह से वित्त पोषित अभियान व मशीनरी की पूरी ताकत के साथ यह संदेश भेजा गया था। इसलिए भाजपा के मतदाता उत्साहित और तय नहीं थे– जब अंतिम परिणाम यही है तो काम करने का क्या मतलब है? दूसरा विचार मौसम का है– इस बार मौसम असामान्य रूप से गरम है। तीसरा यह है कि भाजपा खुद अपने कैडर को प्रेरित करने में सक्षम नहीं रही है। इसका एक कारण यह है कि पहला वोट डाले जाने से पहले ही पार्टी ने चुनाव को जीता हुआ घोषित कर दिया था और दूसरा व अधिक महत्वपूर्ण कारण पार्टी में बड़ी संख्या में गैर–भाजपा कार्यकताओं की आमद है जो या तो अपने दम पर भाजपा में शामिल हुए हैं या उन पर भाजपा में शामिल होने के लिए प्रलोभन दिया गया अथवा दबाव डाला गया है। 'घुसपैठिये' बनाम कैडर का अजीब मिश्रण कुछ हद तक बेमेल रसायन बन रहा है और जो प्रतिबद्ध कार्यकताओं के भीतर निराशा की भावना पैदा कर रहा है। वे अब खुद को पार्टी से बहिष्कृत महसूस करते हैं जिसमें उन्होंने लंबे समय तक काम किया है। अंतिम कारण– मतदाताओं के एक व्यापक वर्ग के बीच निराशा हो सकती है और यदि यह कारण है तो कम मतदान हर तरह से परिणामों को प्रभावित करेगा।

बहरहाल, सप्ताह की समाप्ति के करीब भाजपा के लिए और बुरी खबर आती गई। एक तरफ राहुल गांधी आग उगलते हुए मांग कर रहे थे कि 'सामूहिक बलात्कारी' प्रज्वल रेवन्ना के लिए वोट मांगने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की हर लड़की और महिला से माफी मांगें जो कह रहे हैं कि रेवन्ना के लिए वोट मोदी को मजबूत करेगा। यह भाजपा के नए सहयोगी जेडीएस के समर्थन में एक चुनावी रैली थी जहां प्रधानमंत्री ने रेवन्ना सहित जेडीएस उम्मीदवारों के समर्थन में स्पष्ट अपील की। रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते हैं। रेवन्ना 26 अप्रैल को कर्नाटक में अपने निर्वाचन क्षेत्र हासन में मतदान समाप्त होने के अगले दिन जैसे ही महिलाओं के बारे में उनके विचार और महिलाओं पर हमले के टेप लीक हो गए, वे जर्मनी भाग गए। रेवन्ना को समर्थन देने के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब भाजपा नहीं दे पाई है जिसने विशेष रूप से प्रधानमंत्री को बेनकाब कर दिया है। यह बात तब विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो जाती है जब यह बात सामने आई है कि रेवन्ना के आचरण और उनके खिलाफ आरोपों के बारे में पार्टी को पहले ही चेतावनी दे दी गई थी। इसके बावजूद पार्टी ने उनकी उम्मीदवारी का समर्थन करने की पहल की। दूसरी ओर भाजपा द्वारा कांग्रेस के खिलाफ लगाए गये उन आरोपों ने पार्टी के लिए मुसीबत खड़ी कर दी कि कांग्रेस धन को फिर से वितरित करना चाहती है या इसे मध्यम वर्ग से लेना और अल्पसंख्यकों को देना चाहती है। राहुल गांधी द्वारा उठाये गए आर्थिक असमानता से जुड़े मुद्दे को धर्म को जोड़ने का एक जबरदस्त लेकिन हताश प्रयास भाजपा को महंगा पड़ गया। गलगोटिया विश्वविद्यालय के छात्रों के एक वर्ग के हास्यास्पद विरोध मार्च के कारण भाजपा का यह दांव उलटा पड़ गया।

# मऊ-महिला घाट पुल से जुलाई में होगा आवागमनः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने मऊ तहसील के यमुना नदी पर मऊ-महिला घाट में निर्माणाधीन पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

शनिवार को निरीक्षण दौरान सेतु निगम के परियोजना प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार सिंह ने डीएम को बताया कि इस सेतु में एक पिलर की कास्टिंग कार्य चल रहा है। इसी माह पूरा हो जाएगा। जून माह में ऊपर पैरलर कार्य पूरा किया जाएगा। जिलाधिकारी ने एक्सईएन लोनिवि निर्माण खंड-1 कृष्ण कुमार से कहा कि सेतु के दोनों ओर एप्रोच रोड बनाना है। प्रत्येक दशा में 15 जून तक पूरा हो जाये। दोनों अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो समय सीमा कार्य पूरा करने को निर्धारित हैं, शासन की मंशानुसार गुणवत्ता से पूरा करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक दशा में जून के अंत तक सेतु का कार्य पूरा हो जाये, ताकि जुलाई के अंत तक आम जनता का आवागमन शुरू कराया जा सके। इस मौके पर एसडीएम मऊ राकेश कुमार पाठक, तहसीलदार मऊ विजय यादव, एक्सईएन लोनिवि निर्माण खंड कृष्ण कुमार, परियोजना प्रबंधक सेतु निगम अनिरुद्ध कुमार सिंह, बीडीओ मऊ रामजी मिश्रा, ईओ नगर पंचायत मऊ बीके गौतम, प्रोजेक्ट मैनेजर मित्तल बिरोदर एंड कंट्रक्शन कंपनी लखनऊ फरीद अहमद, थानाध्यक्ष मऊ अजीत कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।



पुल का निरीक्षण करते डीएम आदि।

# सूचना के बहाने शिक्षकों से होती वसूली रोकें

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के मऊ तहसील अध्यक्ष वीरभान सिंह ने खंड शिक्षाधिकारी मऊ केडी पाण्डेय को सौंपे ज्ञापन में कहा कि कार्यालय सहायकों के सूचना के बहाने शिक्षकों को फोन किया जाता है। फोन वार्ता में लेन-देन की बातें की जाती हैं। सूचनाओं की जिम्मेदारी संकुल शिक्षकों की है।

शनिवार को मऊ खंड शिक्षाधिकारी केडी पाण्डेय को सौंपे पत्र में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तहसील अध्यक्ष वीरभान सिंह ने कहा कि कार्यालय सहायकों को निर्देशित करें कि सूचना को नोडल संकुल शिक्षकों से फोन कर सूचनायें मांगें। शिक्षकों को बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शिकायत को प्राप्त नहीं किया जाता, जबकि महानिदेशक स्कूल शिक्षा के शिक्षकों की शिक्षा संबंधित समस्याओं को लेकर जनसुनवाई पंजिका में दर्ज किया जाये।

उन्होंने अनुरोध किया कि कार्यालय सहायकों को शिक्षकों के आवेदन लेकर जनसुनवाई पंजिका में दर्ज करने को निर्देशित करें। वित्त नियंत्रक के आदेश पर शिक्षकों के अवशेष देय को आनलाइन आवेदन को तीन दिन में फारवर्ड करें। अवकाश को शिक्षकों के आनलाइन आवेदन अवकाश दिन से पहले मंजूर या रिजेक्ट करें। आनलाइन अवकाश आवेदन को समय से निस्तारित करें। शिक्षक गैरहाजिर होते हैं तो उसकी जिम्मेदारी शिक्षकों की होगी। शिक्षकों को बताया कि शैक्षिक सत्र 2023-24 में सेवारत शिक्षक प्रशिक्षणों के टीए-डीए का भुगतान नहीं हुआ। भुगतान देने का कष्ट किया जाये। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिलीप कुमार शुक्ला, संयुक्त मंत्री अजय भारती, कोषाध्यक्ष सुशील विश्वकर्मा, मंत्री शारदेन्दु शुक्ला आदि शिक्षक मौजूद रहे।



खंड शिक्षाधिकारी को पत्र देते शिक्षक।

## अतुल अंजान के निधन से वाम आंदोलन को गहरी क्षतिः अमित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाकपा के वरिष्ठ नेता का अतुल अंजान के निधन पर भाकपा कैम्प कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा में नेताओं व कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। का अतुल अंजान अमर रहे व लाल सलाम के नारों से माहौल गूंज उठा। शनिवार को का अमित यादव एड ने कहा कि का अतुल जमींदार घराने के बेटा होते हुए ऐशो-आराम छोडकर मेहनतकशों, किसानों, गरीबों की लड़ाई आजीवन लड़ते रहे। वे उत्तर भारत के बड़े वाम नेता के बतौर मुखर होकर किसानों की लड़ाई लड़े। कृषि कानूनों को निरस्त कराने में अग्रणी भूमिका रही। वे प्रभावशाली बेबाकी से बात रखने इंसाफ पसंद व्यक्ति थे। उन्हें आधा दर्जन भाषाओं की जानकारी थी। उनके निधन से वाम आंदोलनों को गहरी क्षति पहुंची है। भरपाई होना असम्भव है। इस मौके पर भाकपा लोस प्रत्याशी रामचन्द्र सरस ने कहा कि अंजान छात्र राजनीति में खासे लोकप्रिय नेता रहे। वे हमेशा किसानों, नौजवानों की बात करते थे। श्रद्धांजलि सभा में का रामप्रसाद सिंह, कामदन भाई पटेल, का कमलेश, का संदीप कुमार पाण्डेय, का सुशील, का शिवबरन, का रामू यादव, का महेंद्र प्रताप, का कल्लू, सोनू समेत दर्जनों लोग शामिल रहे।

# गर्मी में पशुओं के बचाव को पशु डॉक्टर ने बताये उपाय

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** पशु चिकित्सा अधिकारी पहाड़ी डा वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि गर्मी में पशुओं को हीट स्ट्रेस से बचाने को पशुपालकों को जागरूक किया जा रहा है। पशुओं को हीट स्ट्रोक से गर्मी में बचाने की जरूरत है।

शनिवार को पशु डॉ वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि गर्मी तेजी से बढ़ रही है। गर्मी बढ़ने पर शरीर में पानी की कमी हो सकती है। पानी शरीर का महत्वपूर्ण तत्व है। शरीर में 65 फीसदी पानी होता है। शरीर के खून में 80 फीसदी पानी होता है। शरीर में पानी की कमी होने से दुधारू पशुओं का दूध कम हो जाता है। गाभिन पशुओं का गर्भपात हो जाता है। पशुओं में स्ट्रेस स्तर बढ़ता है। इससे प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। पशु-पक्षियों को बुखार हो जाता है। समय पर पानी की पूर्ति न होने से पशु निढाल हो जाते हैं। पशुओं की मृत्यु भी हो सकती है। गर्मी से बचाव की व्यवस्था पशु-पालकों को करना चाहिए। प्रत्येक पशु पालक व आम आदमी को ये जानकारी होनी चाहिए। तमाम पशु निराश्रित हैं, उनके प्रति भी दया भाव रखने को पेयजल की व्यवस्था करनी चाहिए। लोग घरों के बाहर पानी की व्यवस्था कर सकते हैं। पक्षियों को छत पर पानी की व्यवस्था करें।

पानी को समय-समय पर बदलते रहें। पानी को छायादार स्थान पर रखें। गर्म पानी पशु-पक्षियों को नुकसान पहुंचा सकता है। पशु-पक्षी बहुत हाफ रहे हैं तो कमजोरी व थकान महसूस कर रहे हैं। मुंह से लार टपक रही हो तो हृदय गति बढ़ गई हो और वह निढाल हो गया हो तो हीट स्ट्रेस के लक्षण हो सकते हैं। तत्काल नजदीकी पशु चिकित्सा अधिकारी से संपर्क कर इलाज करायें। भार ढोने वाले पशुओं को गर्मी में दोपहर 12 से तीन बजे तक आराम दें। 37 डिग्री से अधिक तापमान होने पर नियमों का पालन करें। अन्यथा पशुओं के प्रति क्रूरता अपराध माना जाएगा। पालतू पशुओं को नियमित रूप से नमक, संतुलित पशु आहार, मिनरल मिलाकर प्रतिदिन दें। दुधारू पशुओं में दूध की कमी नहीं आएगी। बताये उपायों को खुद करें व अन्य लोगों को जागरुक करें।



पशु डॉ वीरेन्द्र सिंह।



रजिस्टार को निर्देश देते डीएम।

## डीएम ने राजमार्ग पर विलेखों का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने मऊ तहसील के मवई रोड/राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्टाम्प विलेखों का स्थलीय निरीक्षण किया। शनिवार को जिलाधिकारी ने सब रजिस्टार मऊ अमित कुमार श्रीवास्तव से स्टाम्प बाबत जानकारी ली। कहा कि दोनों विलेखों का परीक्षण करें। कोई कमी स्टाम्प की हो तो तत्काल नोटिस जारी कर धनराशि जमा कराई जाए। निरीक्षण दौरान एसडीएम मऊ राकेश कुमार पाठक, तहसीलदार मऊ विजय यादव, बीडीओ मऊ रामजी मिश्रा, ईओ नगर पंचायत मऊ बीके गौतम, थानाध्यक्ष मऊ अजीत कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।

## लोस चुनाव में भाकपा के स्टार प्रचारक बने अमित यादव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय पार्टियां सरकार बनाने को पूरी ताकत झोंकने में कसर नहीं छोड़ रहीं। वहीं सीपीआई ने यूपी की सात लोकसभा सीटों पर उतारे उम्मीदवारों के लिए पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य/जिला सचिव चित्रकूट अमित यादव को स्टार प्रचारक बनाया है। सभी पार्टियों ने प्रचंड बहुमत हासिल करने को चुनाव को गति देने को मतदाताओं को रिझाने के प्रयास कर रहे हैं। कम्युनिस्ट पार्टी ने यूपी की सात लोकसभा सीटों व एक विधानसभा पर होने वाले उप चुनाव में अकेले चुनाव लडने को प्रत्याशी उतारे हैं। चुनाव को गति देने को विधानसभा प्रत्याशी रहे का अमित यादव एड को लोकसभा चुनाव में जनाधार बढ़ाने व यादव तथा अन्य गरीब तबके को रिझाने को स्टार प्रचारक बनाया है।

# रास्तों से बह रहा गंदा पानी, संक्रामक रोगों को दे रहा दावत

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** पहाड़ी ब्लाक के कस्बा पहाड़ी के गांव की नालियां पूरी तरह से बन्द हैं। नालियों में जमा गंदा पानी रास्तों में बह रहा है। लोगों को संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका है।

शनिवार को कस्बे के लोगों ने कई बार प्रधान से शिकायत की है। जिम्मेदारों ने कोई ध्यान नहीं दिया। पहाड़ी में सफाई कर्मी कब काम करता है, कोई बताने वाला नहीं है। कुछ माह पहले पहाड़ी में त्रिस्तरीय समिति गठित कर ग्राम पंचायत को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। समिति के लोगों की निष्क्रियता से सफाई कर्मी मनमानी पर उतारू है। पहाड़ी के लोगों की आस्था के केंद्र बिन्दु देवी मंदिर जाने वाले रास्ते की नालियां पूरी तरह से बन्द हैं। नालियों में जमा गंदा पानी रास्तों में बह रहा है। नहा-धोकर देवी मां की पूजा करने वाले श्रद्धालुओं को नालियों के गंदे पानी से गुजरकर जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने कहा कि गांव में तैनात सफाई कर्मी नियमित सफाई नहीं करता। इससे नालियां पूरी तरह से बन्द हैं। जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा है। नालियों मे जमा गंदा पानी रास्तों से बह रहा है। ये पानी लोगों के घरों में पहुंच रहा है। लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतें हो रही हैं। कई वर्षों से नालियों में छिडकाव भी नहीं हुआ।

नालियों में कीड़े बजबजा रहे हैं। नालियों से निकलने वाले कीडों से लोग संक्रामक रोगों के शिकार हो रहे हैं। रास्तों में बड़ी-बड़ी झाड़ियां उगी हैं। जहरीले जीव-जन्तु के काटने की आशंका है। कई बार गांव के जिम्मेदारों से शिकायत की है। कोई ध्यान नहीं देता। ग्रामीणों में खासा आक्रोश है। दवा का छिड़काव न कराने से मच्छरों का प्रकोप चरम पर है। दिन-रात मच्छर लोगों को काट रहे हैं। घर-बाहर कहीं भी मच्छरों से निजात नहीं मिल रही। ग्रामीणों ने कहा कि कई बार प्रधान व सचिव से दवा का छिड़काव कराने की मांग की है। कस्बे के कल्लू भारद्वाज, गुड्डा भारद्वाज, राकेश पाण्डेय, इस्लाम, बड़का गौतम आदि ने नाली सफाई व दवा छिड़काव की मांग की है।



रास्ते में भरा गन्दा पानी।

## एक सप्ताह से टूटी लाइन नहीं सुधार रहा विभाग

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय से सटे दुर्गादास पुरवा के वाशिंदे बिजली को मोहताज हैं। एक सप्ताह से अधिक समय से 11000 वोल्ट की बिजली लाइन टूटी पडी है। शनिवार को दुर्गादास पुरवा के वाशिंदों ने बताया कि एक सप्ताह से अधिक समय से भीषण गर्मी में अंधेरे में जीवनयापन कर रहे हैं। पूरा गांव अंधेरे में डूबा है। विद्युत लाइन खम्भे में जस की तस टूटी लटक रही है। विद्युत विभाग को सूचना दी गई है। टूटी लाइन अलग करके विद्युत व्यवस्था बहाल करने की मांग की गई है। विद्युत विभाग ने ग्रामीणों की सुनवाई नहीं की। ग्रामीण व पशु-पक्षी भीषण गर्मी में परेशान हैं।

# शत-प्रतिशत मतदान को अभाविप ने चलाया अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चित्रकूट -कानपुर प्रांत ने गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान चलाया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों को मतदान के प्रति जिम्मेदारी निभाने का अनुरोध किया।

शनिवार को विद्यार्थी परिषद ने कहा कि देश के विकास को मत का प्रयोग बेहद जरूरी है। शत-प्रतिशत मतदान होने से अच्छे जन सेवक का चयन कर सकते हैं। क्षेत्र के विकास में जो सहयोग करें। भारत एक प्रजातांत्रिक देश है। लोकतंत्र जनता का, जनता के द्वारा और जनता के लिए शासन को है। लोकतंत्र पर्व एक उत्सव है। सरकार बनाने में प्रत्येक नागरिक का योगदान रहता है, ताकि सशक्त ईमानदार सरकार बन सके। भारत देश पूरे विश्व में गौरव को प्राप्त करे। छात्र-छात्राओं को बताया कि 18 वर्ष पूरी होने पर मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। समाज-घर में लोगों से शत-प्रतिशत मतदान का प्रयोग जातिवाद, क्षेत्रवाद देखकर नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद देखकर करना होगा। देश के प्रत्येक नागरिक के पास मत रूपी अधिकार है। वह अपने क्षेत्र, देश के विकास में भागीदार बन सकता है। महाविद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राओं ने मतदान की शपथ ली। सभी ने हस्ताक्षर अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महाविद्यालय प्रधानाचार्य, विद्यार्थी परिषद संगठन मंत्री रामजी, जिला सहसंयोजक तेज प्रकाश चतुर्वेदी, तहसील संयोजक नितेश त्रिपाठी, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सत्या पांडे, अंजली, आस्था, सत्यम, विष्णु आदि मौजूद रहे।



अभियान चलाते अभाविप।

## भाजपा-सपा-बसपा समेत 24 ने किया लोस चुनाव को नामांकन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव को लेकर बांदा कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन के आखिरी दिन बसपा समेत दस लोगों ने नामांकन कराये। नामांकन के अंतिम तक भाजपा, सपा, बसपा व अन्य दलों तथा निर्दलों समेत 24 लोगों ने नामांकन कराया है।

शनिवार को सपा के दो दावेदार शिवशंकर पटेल व पत्नी कृष्णा देवी ने अलग-अलग नामांकन कराया। 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया जारी रही। नामांकन को लेकर सुरक्षा के कडे बंदोबस्त किये हैं। मेटल डिटेक्टर से जांच-पड़ताल बाद ही दावेदार व प्रस्तावकों को परिसर में प्रवेश मिला। नामांकन के आखिरी दिन खासी गहमा-गहमी रही। बसपा उम्मीदवार मयंक द्विवेदी ने आखिरी दिन भी एक सेट पर्चा दाखिल किया। पूर्व में तीन सेट पर्चा दाखिल कर चुके थे।

बसपा जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह वर्मा ने बताया कि मयंक ने चार सेट में पर्चा दाखिल किया। जीआईसी में जनसभा की। विकास इंडिया पार्टी के मोहनलाल, इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के उमेश, अपना दल कमेरावादी के प्रमोद कुमार, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के दिनेश कुमार पटेल, प्रकाशचन्द्र, अब्दुल सुब्हान नोमानी, विजय प्रकाश दास, अरविंद, राजकुमार, रामसजीवन ने निर्दल पर्चा दाखिल किया। लोग पार्टी के बाबूलाल ने भी आखिरी दिन एक और सेट में नामांकन कराया। जबकि एक सेट पहले ही दाखिल करा चुके थे। सपा से प्रथम वरीयता में कृष्णा देवी समाजवादी पार्टी से उम्मीदवार रही। पूर्व मंत्री शिवशंकर पटेल व पत्नी कृष्णा पटेल दोनों ने अलग-अलग नामांकन पत्र शुक्रवार से पहले किये। सपा जिलाध्यक्ष मधुसूदन कुशवाहा ने बताया कि दोनों ने अलग-अलग तीन-तीन सेट में नामांकन कराये हैं। पार्टी ने प्रथम वरीयता क्रम में कृष्णा देवी को रखा है।

## पुलिस ने दो वारंटी दबोचे

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में दो वारंटी दबोचे।

शनिवार को मानिकपुर थाने के दरोगा राजोल नागर ने सिपाही दीपेश यादव के साथ एनआई एक्ट के वारंटी रामबाबू त्रिपाठी पुत्र रामआसरे त्रिपाठी सरैंया को गिरफ्तार किया। मऊ थाने के दरोगा कृपानन्दन शर्मा ने मारपीट, घर में घुसकर छेडछाड, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी के वारंटी शनि तिवारी पुत्र चन्द्रिका तिवारी यमुना रोड कस्बा मऊ को गिरफ्तार किया है।

# प्रेक्षक को डीएम ने दी जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** संसदीय क्षेत्र में लोस चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष व सकुशल संपन्न कराने को भारत निर्वाचन आयोग से नियुक्त सामान्य प्रेक्षक वी कलाइराशि की अध्यक्षता व जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर की मौजूदगी में लोस चुनाव संपन्न कराने को द्वितीय रेंडमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर से कम्प्यूटर सिस्टम से मतदान कर्मियों व सुरक्षा में लगे सुरक्षा बलों का रेंडमाइजेशन एनआईसी कलेक्ट्रेट में हुआ।

शनिवार को जिलाधिकारी ने क्रिटिकल व ज्वलंत बूथों बाबत बताया। सुरक्षा बलों में सेक्टर-पुलिस, पुलिस क्षेत्राधिकारी, फ्लाइंग स्क्वायड, ईवीएम सिक्योरिटी पर चर्चा हुई। चित्रकूट में 236 चित्रकूट विधानसभा व 237 मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र में 851 बूथ बनाये हैं। जोनल- सेक्टर मजिस्ट्रेट लगाये हैं। इस मौके पर एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, एडीएम न्यायिक राजेश प्रसाद, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी विनय दीक्षित समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



प्रेक्षक की अध्यक्षता में हुई बैठक।

## 20 मई को करें ज्यादा से ज्यादा मतदानः डीएम

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, निर्विघ्न, संपन्न कराने को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने 237 विधानसभा मऊ-मानिकपुर के प्राथमिक विद्यालय सेसा शिवपुर का निरीक्षण कर ग्रामीणों से बीस मई को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने को प्रेरित किया। शनिवार को डीएम ने नगर पंचायत मऊ के ईओ को निर्देश दिये कि बूथ पर मतदान के दिन छाया, पानी आदि व्यवस्था सुनिश्चित करायें। बूथ लेवल ऑफीसर से 85 प्लस मतदाता, मृतक मतदाता, दिव्यांग मतदाता, महिला, पुरुष मतदाता व नये मतदाता बाबत जानकारी ली। कहा कि मतदाता पर्ची प्रत्येक घर में हर हाल में बंटना चाहिए, ताकि लोग ज्यादा से ज्यादा मतदान कर सकें। निरीक्षण में एसडीएम मऊ राकेश कुमार पाठक, तहसीलदार मऊ विजय यादव, बीडीओ मऊ रामजी मिश्रा, ईओ नगर पंचायत मऊ बीके गौतम, खंड शिक्षा अधिकारी मऊ, थानाध्यक्ष मऊ अजीत कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।

# बाल न्याय की अवधारणा को बदलने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी: सीजेआई

**काठमांडू।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चन्द्रचूड़ ने बाल अपराधियों को सजा देने की बजाय सुधार और पुनर्स्थापना पर जोर दिया है। यहां शनिवार को जुवेनाइल जस्टिस पर आयोजित एक सेमिनार में सीजेआई ने जुवेनाइल मामले में न्याय प्रक्रिया में देरी होने पर चिंता जाहिर की। नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए सीजेआई चन्द्रचूड़ ने कहा कि चार महीने में ही अवयस्क आरोपित के मामले की सुनवाई और सजा का प्रावधान होने के बावजूद व्यवहार में यह संभव नहीं हो पाता है। चीफ जस्टिस ने माना कि बाल आरोपितों के मामले में जितना अधिक समय लगता है, वह उनके मानसिक और सामाजिक स्थिति के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि बाल न्याय की अवधारणा को बदलने की आवश्यकता है, क्योंकि वर्तमान न्याय प्रणाली किसी भी दृष्टि से जुवेनाइल जस्टिस के अनुकूल नहीं है।



चीफ जस्टिस चन्द्रचूड़ ने कहा कि 18 साल से कम उम्र के बाल आरोपितों को थाने से लेकर बाल सुधार केन्द्र तक में जिस तरह से उन्हें रखा जाता है या जिस माहौल में रखा जाता है, उससे उनकी मानसिकता पर प्रतिकूल असर होता है। उन्होंने कहा कि बाल आरोपितों को शुरू से ही अलग तरह से केस को हैंडल करने और जुवेनाइल कोर्ट तक में होने वाली सुनवाई की प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है। नेपाल में जुवेनाइल जस्टिस पर किए गए कुछ फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए चीफ जस्टिस ने कहा कि इन फैसलों से हमें भी बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि नेपाल और भारत में एक ही तरह के सामाजिक संरचना है, इसलिए जुवेनाइल जस्टिस मामले में हम एक दूसरे के अनुभव को साझा कर उसका प्रयोग कर सकते हैं। बाल अपराध में इन दिनों साइबर और इंटरनेट पर उपलब्ध सामग्रियों का बहुत ही गहरा असर पड़ने की बात कहते हुए चीफ जस्टिस चन्द्रचूड़ ने कहा कि इसके कारण बाल आरोपितों और अपराधियों के मनोवैज्ञानिक संरक्षण की बहुत ही आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि आपत्तिजनक सामग्रियों को इंटरनेट से हटाने के लिए कानूनी तौर पर गम्भीर कदम उठाने की आवश्यकता है। जस्डिस चन्द्रचूड़ ने कहा कि यह सिर्फ न्यायपालिका और सरकार का काम नहीं है बल्कि समाज को भी इसमें सहभागी होना होगा, तब जाकर बच्चों पर पड़ रहे इसके नकारात्मक प्रभाव को कम किया जा सकता है। कार्यक्रम में सहभागी होने से पहले चीफ जस्टिस चन्द्रचूड़ ने आज सुबह अपनी पत्नी के साथ पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन कर विधिवत पूजा अर्चना में सहभागी हुए। पशुपतिनाथ मंदिर में सुबह होने वाली विशेष पूजा में सहभागी होने के बाद बाहर निकलते पर जस्टिस चन्द्रचूड़ ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि आज भगवान पशुपतिनाथ का दर्शन हुआ। उन्होंने कहा कि वो पशुपतिनाथ मंदिर में आकर नतमस्तक हैं। यहां विशेष पूजा कराने के लिए उन्होंने पशुपति क्षेत्र विकास कोष के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पोर्न स्टार से जुड़े मामले में ट्रंप की पूर्व करीबी सलाहकार बनीं गवाह

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पोर्न स्टार को मुंह बंद करने के लिए किए धन भुगतान में करारा झटका लग सकता है। ताजा घटनाक्रम में इस मुकदमे में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सलाहकार रहीं होप हिक्स ने गवाह के तौर पर पेश हुई जहां अभियोजकों द्वारा उनसे सवाल पूछा जा सकता है। ज्ञात रहे कि 2016 के राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने एक मामले में मुंह बंद रखने के लिए पोर्न स्टार गुप्त तरीके से धन भुगतान करने का आरोप है। व्हाइट हाउस संचार निदेशक के रूप में कार्य कर चुकीं हिक्स इस मामले में गवाही देने वाली ट्रंप की पहली करीबी सलाहकार हैं।

ट्रंप द्वारा राष्ट्रपति चुनाव प्रचार के दौरान पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को धन दिए जाने का मामला 2016 का है। उस समय ट्रंप के पोर्न स्टार के साथ संबंध होने की बातें सामने आई थीं और आरोप है कि उन्होंने इसे छिपाने के लिए स्टॉर्मी को एक लाख 30 हजार डॉलर का भुगतान किया था।

हिक्स ने ट्रंप के 2016 के प्रचार अभियान प्रेस सचिव के रूप में कार्य किया और उनके प्रशासन में शामिल होने वाले शुरूआती अभियान कर्मचारियों में से एक थीं।



अभियोजकों का कहना है कि 2016 के चुनाव से कुछ हफ्ते पहले ह्लएक्सेस हॉलीवुडह्व टेप लीक होने के बाद हिक्स ने उनके वैवाहिक बेवफाई के आरोपों को प्रेस से दूर रखने के एक प्रयास के दौरान ट्रंप से फोन पर बात की थी।

# बाइडेन के भारत में 'जेनोफोबिया' वाले बयान पर संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता का टिप्पणी से इनकार




**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के उस दावे पर प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया है जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत की अर्थव्यवस्था धीमी है क्योंकि यह "जेनोफोबिया" देश है यानी यह विदेशी लोगों को पसंद नहीं करता है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने शुक्रवार को कहा, "उन्होंने जो कहा, उस पर मैं टिप्पणी नहीं करूंगा।"

संयुक्त राष्ट्र की "जेनोफोबिया" की परिभाषा के बारे में संवाददाता द्वारा पूछे जाने पर, हक ने कहा कि यह "केवल शब्दकोश परिभाषा है"।

बाइडेन ने बुधवार को कहा था, "आप जानते हैं, हमारी अर्थव्यवस्था बढ़ने का एक कारण क्या है -- आप और अन्य लोग। क्यों? क्योंकि हम अप्रवासियों का स्वागत करते हैं। क्यों चीन आर्थिक रूप से इतनी बुरी तरह रुका हुआ है? जापान को परेशानी क्यों हो रही है? भारत को क्यों दिक्कत हो रही है? क्योंकि वे अपने देश में अप्रवासी नहीं चाहते।"

हालांकि , कई अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट बाइडेन के दावे से अलग कहानी बताती है।

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार, अमेरिकी अर्थव्यवस्था पिछले साल 2.5 प्रतिशत बढ़ी और इस साल 2.7 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है, जबकि बाइडेन के अनुसार, भारत की "रुकी हुई" अर्थव्यवस्था अमेरिका की तुलना में तीन गुना तेजी से बढ़ी है। पिछले साल 7.8 फीसदी और इस साल ढाई गुना तेज 6.8 फीसदी की वृद्धि का अनुमान है।

चीन की अर्थव्यवस्था पिछले वर्ष 5.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जबकि इस वर्ष 4.8 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है।

व्हाइट हाउस के प्रवक्ता कैरिन जीन-पियरे ने बाइडेन के दावे पर सफाई देते हुए कहा कि उनकी टिप्पणी व्यापक संदर्भ में थी, वह कह रहे थे कि अप्रवासियों का देश में होना कितना महत्वपूर्ण है।

हक ने बाइडेन की टिप्पणी पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा, "हम मानते हैं कि हमारे सभी सदस्य देशों को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार के सभी बुनियादी मानकों को बनाए रखना चाहिए, जिसमें सभी नस्लों, सभी तरह के लोगों के साथ समान व्यवहार शामिल है। हमारा मानना है कि संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देश इस दिशा में काम करते हैं।"

# पहचान पत्र नहीं होने पर ब्रिटेन के पूर्व पीएम बोरिस जानसन को वोट डालने से रोका गया



**लंदन।** पहचान पत्र नहीं लाने पर ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को देश के स्थानीय चुनावों में मतदान केंद्र से मतदान करने से रोक दिया गया जिसके कारण उन्हें वापस लौटना पड़ा। ब्रिटिश मीडिया की खबर के अनुसार बृहस्पतिवार को चुनाव के दौरान जॉनसन पहचान पत्र लाना भूल गये जिसके बाद दक्षिण ऑक्सफोर्डशायर में मतदान केंद्र के कर्मचारियों ने उनसे कहा कि वह पहचान पत्र के बिना मतदान नहीं कर सकते।

जॉनसन 2019 से 2022 तक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री रहे थे। जानकारी अनुसार जॉनसन ने हालांकि बाद में मतदान किया और उन्होंने कंजर्वेटिव पार्टी को वोट दिया।जॉनसन ने ही मतदान करने के लिए फोटो पहचान पत्र अनिवार्य करने संबंधी एक कानून की 2022 में शुरूआत की थी और नया कानून पहली बार पिछले साल स्थानीय चुनावों में लागू किया गया था। निर्वाचन आयोग ने कहा कि ज्यादातर लोग नये कानून का पालन कर रहे हैं लेकिन कुछ लोगों ने इसलिए मतदान नहीं किया क्योंकि उनके पास पहचान पत्र नहीं था।

# नेपाल : सौ रुपये के नोट पर विवादास्पद नक्शा छापने के फैसले पर सरकार में अंतर्विरोध

**काठमांडू,।** नेपाल सरकार सौ रुपये के नोट पर विवादास्पद नक्शा प्रकाशित करने के मुद्दे पर सत्ता पक्ष के ही निशाने पर आ गई है।

प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट बैठक में एक मानचित्र के साथ 100 रुपये के नए नोट छापने का निर्णय किया गया, जिसमें लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी के विवादास्पद क्षेत्रों को दिखाया गया है। हालांकि भारत ने पहले ही इसे "कृत्रिम विस्तार" और "अस्थिर" करार दिया है।

नेपाल सरकार की प्रवक्ता रेखा शर्मा ने कैबिनेट के निर्णय की जानकारी देते हुए मीडियाकर्मियों को बताया कि प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक में नेपाल का नया नक्शा छापने का निर्णय लिया गया, जिसमें लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी को 100 रुपये के नोट में शामिल किया गया है।




उधर, नेपाल सरकार के इस फैसले का कैबिनेट में ही कुछ मंत्रियों द्वारा विरोध की खबरें छनकर आ रही हैं। सरकार में वन मंत्री रहे नवल किशोर साह ने कूटनीतिक माध्यम से उठाए जाने वाले विषय को नोट पर प्रकाशित करने से द्विपक्षीय संबंधों पर असर पड़ने की बात कहते हुए प्रधानमंत्री से इस पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। वन मंत्री साह ने कहा कि नेपाल और भारत के बीच रहे विवादित भूमि और विवादित नक्शे पर जब दोनों देशों के बीच कूटनीतिक चैनल में बातचीत हो रही है तो ऐसे में नोट पर उस नक्शे को प्रकाशित करने से द्विपक्षीय वार्ता प्रभावित हो सकती है।

संसद की अन्तरराष्ट्रीय समिति के अध्यक्ष राजकिशोर यादव ने सरकार के इस फैसले को आपत्तिजनक बताया है। उन्होंने कहा कि संसदीय समिति की अगली बैठक में इस मामले पर सरकार से जवाब-तलब किया जाएगा। राजकिशोर यादव का कहना है कि सरकार ने जानबूझकर भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को प्रभावित करने के लिए यह कदम उठाया है। भारत से इस मसले पर गम्भीर रूप से कूटनीतिक वार्ता करने की बजाय इस तरह के एकतरफा फैसले से भारत के साथ कूटनीतिक और राजनीतिक संबंधों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।

सत्ता पक्ष से जुड़े कुछ सांसदों ने भी सरकार के फैसले को गम्भीर कूटनीतिक त्रुटि बताया है। एकीकृत समाजवादी के सांसद प्रेम आले ने कहा कि प्रधानमंत्री की कुर्सी खतरे में है। उनकी सरकार कभी भी गिर सकती है, ऐसे में प्रचण्ड ने इस तरह का कदम उठा कर खुद की असफलताओं पर पर्दा डालने का प्रयास किया है। इसी तरह जनता समाजवादी पार्टी के प्रमुख सचेतक प्रदीप यादव ने कहा कि देश की समस्याओं से जनता का ध्यान भटकाने के लिए प्रधानमंत्री की तरफ से नोट पर नए नक्शे को छापने का फैसला किया गया है। सांसद यादव का कहना है कि सरकार हर मोर्चे पर असफल है और अपनी असफलता को राष्ट्रवाद के आवरण में छिपाने की कोशिश कर रही है।

उल्लेखनीय है कि 18 जून, 2020 को नेपाल ने अपने संविधान में संशोधन करके रणनीतिक रूप से तीन महत्वपूर्ण क्षेत्रों लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा को शामिल करके देश के राजनीतिक मानचित्र को अद्यतन करने की प्रक्रिया पूरी की, जिस पर भारत ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। भारत ने इसे "एकतरफा कृत्य" बताते हुए नेपाल के क्षेत्रीय दावों के "कृत्रिम विस्तार" को "अस्थिर" बताया।

दरअसल, लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा पर भारत अपना अधिकार रखता है। नेपाल पांच भारतीय राज्यों- सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के साथ 1,850 किमी. से अधिक लंबी सीमा साझा करता है।

# संघर्ष विराम के लिए तुर्की ने इजरायल के साथ व्यापार रोका : एर्दोगन



**इस्तांबुल।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने कहा है कि इजरायल के साथ व्यापार निलंबित करने के तुर्की के फैसले का एक ही मकसद था -- इजरायल सरकार को गाजा पट्टी में युद्धविराम के लिए मजबूर करना। उन्होंने शुक्रवार को इस्तांबुल में इंडिपेंडेंट इंडस्ट्रियलिस्ट्स एंड बिजनेसमैन एसोसिएशन के निदेशक मंडल के साथ बैठक के दौरान यह टिप्पणी की।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि सरकार इस बात पर व्यापारिक समुदाय के साथ विचार करेगी कि इजरायल के साथ व्यापार रोकने का अर्थव्यवस्था पर कितना असर पड़ेगा। तुर्की व्यापार मंत्रालय के अनुसार, गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों के खिलाफ इजरायली हमले के कारण तुर्की ने गुरुवार को इजरायल के साथ सभी व्यापारिक गतिविधियां रोक दीं। एर्दोगन ने यह भी कहा कि यह निर्णय दूसरे देशों के लिए एक मिसाल कायम करेगा।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# भारत में सीनियर अफगान राजदूत जाकिया वर्दाक ने अपने पद से दिया इस्तीफा, सोने की तस्करी के मामले के बाद लिया फैसला

**नई दिल्ली**

भारत में मौजूद अफगानिस्तान की सीनियर डिप्लोमैट जाकिया वर्दाक (ेंद्मंं हंंश्चह्यि) ने आज अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। जाकिया ने दिल्ली स्थित अफगान दूतावास और मुंबई स्थित वाणिज्य दूतावास दोनों में ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। जाकिया ने सोशल मीडिया पर इस बारे में जानकारी दी। हालांकि इस बारे में जाकिया ने अब तक कोई पब्लिक स्टेटमेंट नहीं दिया है।

**व्यक्तिगत हमलों का दिया हवाला**

जाकिया ने सोशल मीडिया पर बताया कि उसे कई व्यक्तिगत हमलों और मानहानि का सामना करना पड़ा है, जो न सिर्फ उसके लिए बल्कि उसके करीबी परिवार और रिश्तेदारों के लिए भी है।



जाकिया ने बताया कि उसके चरित्र पर भी हमले किए गए। जाकिया के अनुसार उसने इस तरह की टिप्पणियों के लिए खुद को तैयार कर रखा था, पर वह अपने करीबी लोगों के लिए ऐसी बातें बर्दाश्त नहीं कर सकती। जाकिया का मानना है कि यह बिल्कुल भी उचित नहीं है। ऐसे में जाकिया ने बताया कि जब उसकी सहन करने की सीमा पार हो गई, तब उसे यह फैसला लेना पड़ा।

**सोने की तस्करी के मामले के बाद लिया फैसला**

जाकिया ने यह फैसला सोने की तस्करी के मामले के बाद लिया है। इस मामले में जाकिया को 25 अप्रैल को मुंबई एयरपोर्ट पर पकड़ा गया था जिसकी जानकारी आज ही सामने आई है।

दरअसल जाकिया दुबई से भारत में 18.6 करोड़ के सोने की तस्करी करने के इरादे से करीब 25 किलो सोना अपने कपड़ों में छिपाकर ला रही थी। मुंबई एयरपोर्ट पर राजस्व खुफिया निदेशालय ने उसे पकड़ लिया और उसके पास से सोना बरामद किया। जाकिया के पास अफगानिस्तान की तरफ से जारी किया गया डिप्लोमैटिक पासपोर्ट है और इसी वजह से फिलहाल वह गिरफ्तारी से बच गई। हालांकि उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# ब्राजील में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 39 हुई



**साओ पाउलो।** दक्षिणी ब्राजील के राज्य रियो ग्रांडे डो सुल में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है और लगभग 70 लोग अभी भी लापता हैं।

एजेंसी के अनुसार, भारी बारिश सबसे खराब जलवायु त्रासदियों में से एक थी, जिसने अब तक राज्य की राजधानी पोर्टो एलेग्रे सहित 235 नगर पालिकाओं को प्रभावित किया है।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यहां सोमवार से लगातार बारिश हो रही है,। बारिश के कारण नदियां उफान पर हैं, पुल नष्ट हो गए हैं और 14 लाख से अधिक आबादी वाले पोर्टो एलेग्रे शहर को अलर्ट पर रखा गया है।

ब्राजील सरकार ने रियो ग्रांडे डो सुल को उपकरण और वित्तीय सहायता भेजी है। आपदा से 24 हजार से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं।

गवर्नर एडुआर्डो लेइट ने कहा, "ये कठिन दिन होंगे। हम लोगों से अपने घर छोड़ने के लिए कहते हैं। हमारा लक्ष्य जीवन बचाना है। चीजें खो जाएंगी, लेकिन हमें जीवन बचाना होगा। हमारी प्राथमिकता लोगों को बचाना है। बाकी हम आगे का रास्ता खोज लेंगे।